• जयपुर, रविवार 18 जनवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 141 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 लोगों की जरूरत और क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं को...
पेज @4 उड़ान उत्सव 2026 में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्यार्थियों का...
पेज @8 एसआईआर को लेकर कांग्रेस की अनर्गल बयानबाजी निराधार....

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज उन्नति की प्रथम बैठक

# कोताही बरतने पर कार्मिकों के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## लगभग 2 हजार करोड़ रुपये की 7 परियोजनाओं एवं 2 योजनाओं पर दिए दिशा-निर्देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज उन्नति की प्रथम बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने लगभग 2 हजार करोड़ रुपये की 7 परियोजनाओं और 2 योजनाओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को परियोजनाओं एवं योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं पर अधिकारियों से फीडबैक लेते हुए उन्हें राहत पहुंचाई।

शर्मा ने जिला कलक्टर्स को निर्देश दिए कि आमजन की परिवेदनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उनका समय पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। लंबित परिवादों के निस्तारण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजकीय विभागों और कार्यालयों में आमजन के कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जवाबदेहिता के साथ विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। परियोजनाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बरतने पर लापरवाह अधिकारियों और कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि विभाग बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए परियोजनाओं को गति प्रदान करें, जिससे लागत में वृद्धि न हो और लक्षित को राहत मिल सके।

### प्रोएक्टिव एप्रोच के साथ विकास कार्यों को दें गति

### परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन करें सुनिश्चित







### ● अजमेर-चंदेरिया ब्रॉडगेज दोहरीकरण परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण हो शीघ्र पूर्ण

शर्मा ने अजमेर-चंदेरिया ब्रॉडगेज दोहरीकरण परियोजना के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए कि अजमेर, ब्यावर, भीलवाड़ा एवं चित्तौड़गढ़ जिलों में भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएं। मुख्यमंत्री ने श्रीगंगानगर, केसरीसिंहपुरा, श्रीकरणपुर, कोटा उत्तर, कोटा दक्षिण एवं सांगोद में सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, 65 निकायों में फिकल स्लेज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी), लोहावट (फलोदी) में खेल स्टेडियम, लाडनूं में उप जिला चिकित्सालय, कोटा, अजमेर और भरतपुर जिलों में बालिका सैनिक स्कूलों की स्थापना की प्रगति की विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने जिला कलक्टर्स को पीएमश्री योजना के रैंकिंग के मापदंडों को पूरा करने के लिए प्रभावी योजना बनाने के लिए निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज उन्नति की पहल की गई है। इनमें चयनित परियोजनाओं, योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत चर्चा की जाएगी, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिल सके। साथ ही, आमजन से जुड़े कार्यों और परिवेदनाओं को भी इसमें शामिल किया गया है।

### ● हीरापुरा बस टर्मिनल हो आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित

मुख्यमंत्री ने जयपुर के हीरापुरा बस टर्मिनल में बस रूटों के निर्धारण और यात्रियों के लिए शेड, पेयजल, पार्किंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जयपुर जिला कलक्टर, जयपुर विकास आयुक्त एवं जयपुर नगर निगम आयुक्त को बस टर्मिनल से सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के क्रम में आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बस टर्मिनल से रोडवेज एवं लोक परिवहन बसों का संचालन प्रारंभ हो चुका है तथा टैफ्फिक कंट्रोल बोर्ड द्वारा नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

## परिवादियों से लिया फीडबैक, आमजन को मिली राहत

### ● परिवादों के निस्तारण का नियमित हो सत्यापन

मुख्यमंत्री ने राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन के चयनित परिवादियों से उनके परिवाद निस्तारण पर फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन राज्य सरकार की नीतियों और योजनाओं का केन्द्र बिंदु है। अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ राजकीय दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि शासन सचिव, संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर्स राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन पर प्राप्त परिवादों का नियमित सत्यापन करें। श्री शर्मा ने मुख्य सचिव को अधिकारियों के लिए सत्यापन के प्रकरणों की सीमा तय करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान परिवादियों ने मुख्यमंत्री को राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन के प्रभावी संचालन के लिए धन्यवाद दिया।

### ● भू-आवंटन पर करें त्वरित कार्यवाही

श्री शर्मा ने जिला कलक्टर्स को विकास कार्यों में आवश्यक भू-आवंटन पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन के बाद शीघ्र निविदा जारी कर कार्य प्रारंभ किया जाए। जिन स्थानों पर न्यूनतम मापदंडों के अनुरूप भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां चरणबद्ध रूप से क्रियान्विति की जाए। उन्होंने जिला कलक्टर्स एवं सचिवों को प्रोएक्टिव एप्रोच के साथ प्रकरणों के निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### ● पीएम सूर्यघर योजना में राजस्थान को बनाए सिरमौर

मुख्यमंत्री ने पीएम सूर्यघर 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना में अपेक्षित गति लाने के उद्देश्य से कैशलेस वैकल्पिक मॉडल पर शीघ्र कार्य करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग एवं जिला कलक्टर्स आईईसी गतिविधियां और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करें। श्री शर्मा ने अधिकारियों को योजना में राजस्थान को सिरमौर बनाने के लिए निर्देशित किया।

### ● खराब ट्रांसफार्मर्स को तय सीमा में बदले

शर्मा ने अधिकारियों को जले हुए और खराब ट्रांसफार्मर्स को निर्धारित समय में बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष योग्यजन पेंशनर्स का वार्षिक सत्यापन शत प्रतिशत शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके लिए प्रशासन को आवश्यक होने पर दिव्यांगजनों के घर जाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने पालनहार योजना में पालनकर्ता एवं बच्चों के शत प्रतिशत वार्षिक सत्यापन सुनिश्चित करते हुए योजना में लंबित भुगतान को जारी करने के निर्देश भी दिए।

न्यूज़ अपडेट

## माओवादी कमांडर पापा राव ढेर: बीजापुर मुठभेड़ में मारे गए एक अन्य नक्सली



**बीजापुर/एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है. सूत्रों के मुताबिक, इस मुठभेड़ में माओवादी कमांडर पापा राव ढेर हो गया. इसके साथ ही जवानों ने एक अन्य नक्सली को मार गिराया है. वहीं घटनास्थल से दो अङ47 राइफल भी बरामद किए गए हैं. एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि अभी मुठभेड़ जारी है. बता दें कि नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना पर DRG जवानों ने ऑपरेशन लॉच किया.

बीजापुर में तीन अलग-अलग जगहों पर माओवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है. जानकारी के मुताबिक, माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली थी, जिसकेबाद संयुक्त सुरक्षा बल ने बीजापुर जिले के उत्तर-पश्चिमी वन और पहाड़ी क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया. इसी दौरान उनका नक्सलियों से सामना हो गया.

## देवभूमि उत्तराखंड सत्यम, शिवम और सुंदरम का प्रतीक है - उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन

**नई दिल्ली/एजेंसी।** भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को उत्तराखंड के देहरादून में जागरण फोरम का उद्घाटन किया, जिसका आयोजन राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने उत्तराखंड को त्याग, दृढ़ता और राष्ट्र सेवा का प्रतीक बताया और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर राज्य की जनता को हार्दिक बधाई दी। उत्तराखंड के गठन को याद करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि राज्य का गठन पहाड़ी लोगों की लंबे समय से चली आ रही आकांक्षाओं का लोकतांत्रिक जवाब था और इसने भारत की संघीय प्रणाली की मजबूती को फिर से स्थापित किया। उन्होंने लोकसभा सदस्य के रूप में उत्तराखंड के गठन के विधेयक के पक्ष में मतदान करने के अपने व्यक्तिगत अनुभव को भी साझा किया।

देश को मिली पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, प्रधानमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

# मां काली की धरती को मां कामाख्या की धरती से जोड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन : पीएम मोदी

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मालदा में 3,250 करोड़ की रेल और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य पश्चिम बंगाल तथा पूर्वोत्तर भारत में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना और विकास की गति को तेज करना है।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नई रेल सेवाओं के शुभारंभ से मालदा से विकास की रफ्तार और तेज होगी, जिससे आम लोगों के साथ-साथ व्यापार को भी लाभ मिलेगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के शुभारंभ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह देश में आरामदायक रात्रिकालीन यात्रा के एक नए युग की शुरुआत है। प्रधानमंत्री ने इसे 'मेक इन इंडिया' का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह ट्रेन मां काली की धरती को मां कामाख्या से बेहतर रेल संपर्क के माध्यम से जोड़ती है।

### ● 3250 करोड़ की रेल व सड़क परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास





### चार प्रमुख रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास

प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में चार प्रमुख रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया, जिनमें बलुरघाट-हिली नई रेल लाइन, न्यू जलपाईगुड़ी में अत्याधुनिक फ्रेट मेंटेनेंस सुविधा, सिलीगुड़ी लोको शेड का उन्नयन तथा जलपाईगुड़ी जिले में वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास शामिल है। इन परियोजनाओं से उत्तर बंगाल में यात्री और माल परिवहन को मजबूती मिलने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने न्यू कूचबिहार-बामनहाट और न्यू कूचबिहार-बॉक्सिरहाट रेल खंडों के विद्युतीकरण को राष्ट्र को समर्पित किया, जिससे तेज, स्वच्छ और ऊर्जा दक्ष रेल परिचालन संभव होगा।

### चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ

प्रधानमंत्री ने चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों न्यू जलपाईगुड़ी-नागरकोइल, न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली, अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु और अलीपुरद्वार-मुंबई (पनवेल) को भी वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही, राधिकापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस और बलुरघाट-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस नामक दो नई एलएचबी कोच ट्रेनों का शुभारंभ किया गया, जिससे बेंगलुरु जैसे प्रमुख रोजगार केंद्रों तक पहुंच आसान होगी। सड़क क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग-31डी के धुपगुड़ी-फालाकाटा खंड के पुनर्वास और चार लेन चौड़ीकरण का शिलान्यास किया, जिससे उत्तर बंगाल में यात्री और माल ढुलाई सुगम होगी।

# विराट रामायण मंदिर में हुआ स्थापना बिहार में दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग

**मोतिहारी/एजेंसी।**

बिहार के मोतिहारी में आज विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग आज स्थापित होने जा रहा है. विराट रामायण मंदिर मा ें शिवलिंग स्थापना क ा कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल होंगे. पूर्वी चंपारण के कैथवलिया में विराट रामायण मंदिर बन रहा है. इसी मंदिर के पि-रसर में इस शिवलिंग की स्थापना होनी है. भारी भरकम शिवलिंग को उठाने के लिए दो बड़े-बड़े क्रेन मंगवाए गए हैं. शिवलिंग की स्थापना के लिए 700 ट न ा और 500 टन क्षमता वाली दो बड़ी क्रेन पहले ही स्थल पर पहुंच चुकी हैं. शुक्रवार को इसको लेकर विशेष मॉक ड्रिल भी की गई थी. जानकारी के मुताबिक, शिवलिंग की स्थापना में लगभग दो घंटे का समय लगेगा. इस दौरान मंदिर निर्माण के पूर्ण होने के बाद की थ्री-डी इमेज भी श्रद्धालुओं को दिखाई जाएगी. साथ ही एलईडी स्क्रीन पर सहस्त्रालिंगम शिवलिंग की स्थापना का लाइव प्रसारण किया जाएगा.



# स्क्रीन के उजाले में बुझती युवा संवेदनाएं

आज का भारत युवाओं का भारत है। यही युवा देश की रीढ़ हैं और भविष्य की नींव भी, किंतु विडंबना यह है कि जिन हाथों में कलम किताबें औजार और रचनात्मकता होनी चाहिए, उन्हीं हाथों में आज हर पल एक चमकती हुई स्क्रीन दिखाई देती है। मोबाइल फोन! जिसने दुनिया को हमारी मुट्ठी में समेट दिया, वही अब हमारी संवेदनाओं संबंधों और संतुलन को चुपचाप निगलता जा रहा है। ऐसे में आज मोबाइल आधुनिकता का प्रतीक भर नहीं रहा है, वह घटती मानवीय संवेदनशीलता का सबसे स्पष्ट चेहरा बन चुका है। डिजिटल क्रांति ने शिक्षा संचार और सूचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व अवसर दिए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं। परंतु जब उपयोग की सीमा टूटती है तब वही साधन विनाश का कारण बन जाता है।

भारत में आज युवा वर्ग मोबाइल लत का सबसे बड़ा शिकार है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार भारत में लगभग 50 प्रतिशत युवा किसी न किसी रूप में मोबाइल पर निर्भरता या लत के लक्षण दिखा रहे हैं। विश्व स्तर पर लगभग 6.9 प्रतिशत आबादी स्मार्टफोन लत से ग्रस्त मानी जाती है जिसमें भारतीय युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ये आंकड़े आज उस गहरी सामाजिक समस्या की चेतावनी हैं जो हमारे सामने खड़ी है। हाल के वर्षों में मोबाइल से जुड़ी हिंसक और आत्मघाती घटनाएं समाज को झकझोरने वाली हैं। ओडिशा के जगतसिंहपुर में 21 वर्षीय छात्र द्वारा मोबाइल देखने से रोके जाने पर अपने माता-पिता और बहन की हत्या कर देना। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में किशोर का अपने माता-पिता पिता द्वारा हर वक्त मोबाइल में डूबे रहने से मना किए जाने पर लोहे की छड़ से उन पर हमला कर देना, जिसमें कि पिता की जान किसी तरह बच सकी, लेकिन मां की जान चली गई। राजस्थान के जयपुर में तेरह साल की एक बच्ची को उसके माता-पिता ने मोबाइल देखने से मना किया और इससे गुस्साई उस बच्ची ने पहले अपने हाथ की नस काट ली, तो उसके अभिभावकों ने इलाज करा कर उसे बचा लिया। मगर अगले ही दिन उसने नदी में कूद कर जान दे दी। छत्तीसगढ़ और सरगुजा की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि मोबाइल अब आदत नहीं रहा बल्कि कई युवाओं के लिए भावनात्मक नियंत्रण का केंद्र बन चुका है। जब मोबाइल उनसे दूर होता है तो उन्हें लगता है जैसे उनका अस्तित्व ही छिन गया हो। युवा अवस्था लक्ष्य अनुशासन और निर्माण की होती है। परंतु मोबाइल की अंतहीन दुनिया युवाओं को लक्ष्यहीनता की ओर धकेल रही है। घंटों तक रील्स गेम्स और चैट में उलझे रहना पढ़ाई कौशल विकास और शारीरिक गतिविधियों का समय छीन रहा है।

अध्ययनों के अनुसार औसतन भारतीय युवा प्रतिदिन चार से छह घंटे मोबाइल स्क्रीन पर बिताते हैं जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन किशोरों के लिए दो घंटे से अधिक स्क्रीन टाइम को हानिकारक मानता है। इस असंतुलन का परिणाम है एकाग्रता में कमी धैर्य का अभाव और त्वरित आनंद की मानसिकता। मानसिक स्वास्थ्य पर मोबाइल का प्रभाव अत्यंत घातक सिद्ध हो रहा है। सोशल मीडिया पर दिखाई जाने वाली तथाकथित परफेक्ट लाइफ की तस्वीरें युवाओं को निरंतर तुलना के जाल में फँसा देती हैं। लाइक और फॉलोअर्स आत्म मूल्यांकन का पैमाना बन जाते हैं। शोध बताते हैं कि जो किशोर प्रतिदिन चार घंटे से अधिक मोबाइल का उपयोग करते हैं उनमें अवसाद के लक्षण 60 प्रतिशत तक अधिक पाए जाते हैं। मोबाइल लत चिंता अवसाद और नींद विकारों की संभावना को दो से तीन गुना तक बढ़ा देती है। अनिद्रा चिड़चिड़ापन और निर्णय लेने में कठिनाई आज सामान्य समस्याएं बन चुकी हैं। सामाजिक अलगाव इस संकट का दूसरा गंभीर पहलू है। आभासी संवाद ने वास्तविक रिश्तों की जगह ले ली है।

एक सर्वे के अनुसार मोबाइल के कारण माता पिता और बच्चों के बीच औसत संवाद समय घटकर मात्र दो मिनट रह गया है। जब परिवार में संवाद टूटता है तो भावनात्मक सुरक्षा भी कमजोर पड़ जाती है। यही कारण है कि मोबाइल लत से ग्रस्त किशोरों में सामाजिक समर्थन की कमी 25 से 30 प्रतिशत अधिक पाई गई है। यह कमी उन्हें आत्मघाती विचारों और आत्म हानि की ओर धकेल सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य भी इस डिजिटल लत से अछूता नहीं है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आँखों में जलन सिरदर्द गर्दन और पीठ दर्द आम समस्याएँ बन गई हैं। देर रात तक मोबाइल उपयोग से नींद का चक्र बिगड़ता है जिससे हार्मोनल असंतुलन और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। खेलकूद और शारीरिक श्रम की जगह बैठकर मोबाइल चलाने की आदत मोटापा आलस्य और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को बढ़ावा दे रही है। नैतिक और भावनात्मक स्तर पर मोबाइल का प्रभाव और भी चिंताजनक है। इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध अश्लीलता हिंसा और नकारात्मक सामग्री युवाओं की सोच को प्रभावित कर रही है। बार-बार हिंसक दृश्य देखने से संवेदनशीलता घटती जाती है और दूसरों के दुख दर्द के प्रति सहानुभूति कम होती है। साइबर बुलिंग ट्रोलिंग और नफरत भरे संदेश युवाओं को आक्रामक और असहिष्णु बना रहे हैं। त्वरित संतुष्टि की आदत धैर्य जिम्मेदारी और त्याग जैसे मूल्यों को कमजोर कर रही है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी मोबाइल दोधारी तलवार बन गया है। एक ओर ऑनलाइन संसाधनों ने सीखने को आसान बनाया है वहीं दूसरी ओर अनियंत्रित उपयोग पढ़ाई में बाधा बन रहा है। नोटिफिकेशन और चैट के बीच गहन अध्ययन संभव नहीं रह जाता। कॉपी पेस्ट संस्कृति मौलिक सोच और विश्लेषण क्षमता को नुकसान पहुंचा रही है। इससे दीर्घकालीन बौद्धिक विकास प्रभावित हो रहा है और युवा शॉर्टकट की मानसिकता के शिकार बनते जा रहे हैं। साइबर अपराध भी युवाओं के लिए एक बड़ा खतरा बनकर उभरा है। फर्जी प्रोफाइल ऑनलाइन ठगी डेटा चोरी और ब्लैकमेलिंग जैसी घटनाएं युवाओं को मानसिक और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा रही हैं। निजी तस्वीरों और जानकारी का दुरुपयोग गोपनीयता के हनन को बढ़ावा दे रहा है। अनुभवहीनता के कारण युवा अक्सर इन जालों में फंस जाते हैं।

इन परिस्थितियों में ध्यान यही आता है कि डिजिटल डिटॉक्स आज समय की आवश्यकता बन चुका है। सप्ताह में कुछ घंटे या एक दिन मोबाइल से दूरी मानसिक शांति और संतुलन प्रदान कर सकती है। स्क्रीन टाइम की स्पष्ट सीमा तय करना उद्देश्यपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण देना आवश्यक है। माता पिता को स्वयं उदाहरण बनना होगा और बच्चों से संवाद बढ़ाना होगा। शैक्षणिक संस्थानों को खेलकूद कला और पुस्तक पाठ जैसी ऑफलाइन गतिविधियों को पुनः केंद्र में लाना होगा। अंततः यह समझना जरूरी है कि तकनीक मनुष्य की सेवक बने स्वामी नहीं यही संतुलन का मूल मंत्र है। यदि आज हमने अपने युवाओं को स्क्रीन से ऊपर उठकर संवेदनशील अनुशासित और जिम्मेदार बनाना नहीं सिखाया तो कल यह डिजिटल सुविधा हमें मानवीय शून्यता की ओर ले जा सकती है।

# अशांति के कोलाहल में शांति का शंखनाद है मौन



ललित गर्ग



मौन केवल शब्दों का अभाव नहीं है, वह आत्मा की सबसे सघन भाषा है। 18 जनवरी 2026 को आने वाली मौनी अमावस्या इसी मौन की महत्ता को जीवन के केंद्र में प्रतिष्ठित करने का पावन, सिद्ध एवं पवित्र अवसर है। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में मौन को जितना ऊँचा स्थान दिया गया है, उतना शायद किसी अन्य साधना को नहीं। ऋषियों ने कहा है कि जहाँ शब्द समाप्त होते हैं, वहीं से सत्य आरंभ होता है। मौन वही बिंदु है जहाँ मन की चंचल तरंगें थमती हैं और चेतना का निर्मल सरोवर प्रकट होता है। यह जीवन का सौंदर्य भी है और ऊर्जा का अक्षय भंडार भी। मौन में शक्ति संचित होती है, दिशा मिलती है और अध्यात्म को गति प्राप्त होती है। मौनी अमावस्या का संबंध केवल कैलेंडर की एक तिथि से नहीं, बल्कि जीवन के गहरे अनुशासन से है। यह दिन मनुष्य को बाहरी कोलाहल से हटाकर अंतर्मुखी होने का निमंत्रण देता है। मौन का अर्थ यह नहीं कि व्यक्ति निष्क्रिय हो जाए, बल्कि यह कि उसकी चेतना जाग्रत हो जाए। जब वाणी विश्राम करती है, तब विवेक बोलने लगता है। मनुष्य का मन, जो सामान्यतः अतीत और भविष्य के बीच भटकता रहता है, मौन में वर्तमान में टिकना सीखता है। यही एकाग्रता आत्मशुद्धि का द्वार खोलती है। मौन साधना है, तप है और जीवन की आध्यात्मिक ऊँचाई है।

मौनी अमावस्या को अमावस्या का भी विशेष महत्व है। अमावस्या का अंधकार बाहरी रूप से भले ही रिक्तता का संकेत दे, परंतु आध्यात्मिक दृष्टि से यह भीतर की यात्रा का प्रतीक है। जब चंद्रमा अदृश्य होता है, तब मनुष्य के भीतर का चंद्र प्रकट होने की संभावना बनती है। मौन और अमावस्या का यह संयोग आत्मचिंतन को अत्यंत प्रभावशाली बना देता है। इस दिन किया गया मौन-व्रत केवल वाणी का संयम नहीं, बल्कि विचारों का परिष्कार भी है। विचारों की शुद्धि से ही कर्म शुद्ध होते हैं और कर्मों की शुद्धि से जीवन पवित्र बनता है।

मौनी अमावस्या का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष पितृ तर्पण और पिंडदान से जुड़ा है। भारतीय संस्कृति में पितरों को केवल अतीत की स्मृति नहीं माना गया, बल्कि वे हमारी चेतना की जड़ें हैं। जिनसे हमें जीवन मिला, जिनके संस्कार हमारे रक्त में प्रवाहित हैं, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना आध्यात्मिक दायित्व है। इस दिन पवित्र नदियों के तट पर या श्रद्धा के साथ घर में किया गया तर्पण और पिंडदान पितरों की आत्मा को शांति प्रदान करता है। ऐसा माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन किए गए तर्पण से पितृलोक में विशेष संतोष और तृप्ति का संचार होता है।

तर्पण केवल जल अर्पण की क्रिया नहीं है, वह स्मरण की साधना है। जब संतति अपने पूर्वजों को श्रद्धा से याद करती है, तो एक अदृश्य सेतु बनता है जो पीढ़ियों को जोड़ता है। पिंडदान के माध्यम से पितरों की अधूरी कामनाओं को पूर्णता की दिशा मिलती है और उन्हें मोक्ष की ओर अग्रसर होने में सहायता प्राप्त होती है। शास्त्रों में कहा गया है कि मौनी अमावस्या के दिन किया गया पिंडदान अनेक अमावस्याओं के फल के बराबर होता है, क्योंकि इस दिन मौन की ऊर्जा कर्म को कई गुना प्रभावशाली बना देती है। इस दिन मौन के साथ किया गया तर्पण साधक के भीतर भी गहरा परिवर्तन लाता है। जब व्यक्ति मौन रहकर पितरों का स्मरण करता है, तो उसका अहंकार स्वतः झुक जाता है। उसे यह बोध होता है कि वह अकेला नहीं है, बल्कि एक लंबी परंपरा की कड़ी है। यह बोध जीवन में विनम्रता, करुणा और संतुलन को जन्म देता है। मौन की शांति में किया गया स्मरण केवल पितरों को ही नहीं, स्वयं साधक को भी मुक्त करता है। वह अपने भीतर जमी अनेक ग्रंथियों को खोल पाता है।

मौनी अमावस्या पर मौन धारण करना मन को एकाग्र करने का सशक्त साधन है। मनुष्य का सबसे बड़ा संघर्ष अपने ही मन से है। वाणी जब निरंतर सक्रिय रहती है, तो मन भी बाहर की ओर दौड़ता रहता है। मौन उसे भीतर लौटने का अवसर देता है। इस दिन यदि व्यक्ति कुछ समय के लिए पूर्ण मौन रखे, ध्यान करे, जप करे या केवल श्वास के आवागमन को साक्षी भाव से देखे, तो आत्मा पर जमी धूल स्वतः झड़ने लगती है। यही आत्मशुद्धि है, यही साधना का सार है। मौन जीवन को सुंदर बनाता है क्योंकि वह अनावश्यक को हटाता है। जहाँ मौन है, वहाँ क्रोध, ईर्ष्या और द्वेष स्वतः क्षीण हो जाते हैं। मौन शक्ति का केंद्र इसलिए है क्योंकि वह ऊर्जा को व्यर्थ बिखरने नहीं देता। जो ऊर्जा शब्दों में नष्ट होती है, वही मौन में संचित होकर साधना बन जाती है। इसी संचित ऊर्जा से व्यक्ति अपने जीवन को ऊँचाई देता है। मौन अध्यात्म की गति है क्योंकि यह सीधे आत्मा से जुड़ता है, किसी माध्यम की आवश्यकता नहीं होती।

वस्तुतः आध्यात्मिक क्षेत्र में मौन का एक विशिष्ट और अपरिहार्य स्थान है। यह कोई साधारण चुप्पी नहीं, बल्कि एक अत्यंत व्यवस्थित और वैज्ञानिक साधना है, जिसे अपनाकर साधक अपनी चित्त-वृत्तियों को विक्षेप से बचा लेता है। मौन के अभ्यास से जीवनी शक्ति और प्राण शक्ति परिपुष्ट होती है। व्यक्ति अपने भीतर एक नई स्फूर्ति, नई ताजगी और आंतरिक ऊर्जा का अनुभव करता है। निरंतर बोलते रहने से न केवल वाणी की प्रभावशीलता क्षीण होती है, बल्कि उससे मस्तिष्क की सूक्ष्म शक्तियों का भी अनावश्यक क्षय होता है। मौन के द्वारा वाणी सुरक्षित होती है, परिष्कृत होती है और उसमें गहन प्रभाव उत्पन्न होता है। अध्यात्म क्षेत्र में जिस वाक्-सिद्धि की चर्चा की जाती है, उसका मूल आधार भी मौन-साधना ही है। कम बोलने वाला व्यक्ति जब बोलता है, तो उसके शब्दों में स्वतः ही वजन और प्रभाव आ जाता है।

महात्मा गांधी अपने जीवन में मौन को विशेष महत्व देते थे। उनकी आत्मकथा से ज्ञात होता है कि वे प्रति सप्ताह एक दिन मौन रखते थे। उनका अनुभव था कि मौन से उन्हें गहरा विश्राम मिलता है और कार्य करने के लिए नई शक्ति का संचार होता है। इसी प्रकार आचार्य तुलसी भी प्रायः प्रतिदिन नियमित रूप से मौन-साधना करते थे। वे कहा करते थे कि मौन से उन्हें अपूर्व आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है। यह एक सुनिश्चित तथ्य है कि यदि मौन-साधना के साथ मनोवृत्तियों को आत्मचिंतन में लगा दिया जाए, तो आध्यात्मिक आनंद का निर्झर स्वतः प्रवाहित होने लगता है। महान संत महर्षि रमण के विषय में प्रसिद्ध है कि वे प्रायः मौन ही रहते थे, किंतु उस मौन में इतनी गहन संप्रेषण शक्ति थी कि उनके समीप आने वाले जिज्ञासुओं की जटिलतम समस्याओं का समाधान बिना शब्दों के ही हो जाता था। वस्तुतः मौन एक अंतर्भाषा है-ऐसी भाषा जो शब्दों से परे होकर सीधे आत्मा से संवाद करती है। प्राचीन ऋषि-मुनि अपने शिष्यों को मौन के माध्यम से ही उपदेश देते थे। मौन-साधना से वे सभी सिद्धियाँ प्राप्त की जा सकती हैं, जिनकी प्राप्ति के लिए अन्य कठिन योग-साधनाओं का सहारा लेना पड़ता है। मौन, साधना का शिखर भी है और साधना का आधार भी।

मौनी अमावस्या हमें यह सिखाती है कि जीवन की वास्तविक प्रगति बाहरी उपलब्धियों से नहीं, भीतर की शांति से मापी जाती है। इस दिन का संदेश स्पष्ट है कि कुछ क्षण रुकिए, मौन में उतरिए और अपने मूल से जुड़िए। पितरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर, उनके लिए तर्पण और पिंडदान कर, और स्वयं के लिए मौन साधना अपनाकर मनुष्य अपने जीवन को संतुलित और सार्थक बना सकता है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि मौन कोई रिक्तता नहीं, बल्कि पूर्णता है, कोई कमजोरी नहीं, बल्कि अपार शक्ति है। अंततः मौनी अमावस्या आत्मा का पर्व है।

यह न केवल पितरों को मोक्ष की दिशा में ले जाने वाला अवसर है, बल्कि जीवित मनुष्य के लिए भी आंतरिक मुक्ति का द्वार है। मौन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर के शोर से मुक्त होता है, और जब भीतर शांति स्थापित होती है, तभी जीवन में सत्य, करुणा और चेतना का प्रकाश फैलता है। मौनी अमावस्या हमें इसी प्रकाश की ओर अग्रसर होने का मौन आमंत्रण देती है। अशांति के कोलाहल में शांति का शंखनाद है मौन।

# ईरान का इस्लामिक दुनिया से रिश्तों का जटिल जाल



विवेक शुक्ला

रमजान के महीने में राजधानी दिल्ली में इस्लामिक देशों के राजनयिक आमतौर पर चाणक्यपुरी में स्थित सूडान एंबेसी में नमाज अदा करते हैं। पर ईरानी राजनयिक अपनी एंबेसी में ही नमाज अदा करते हैं। ईरान और शेष इस्लामिक संसार में दूरियों को इस उदाहरण से कुछ हद कर समझा जा सकता है। दरअसल, ईरान के इस्लामिक राष्ट्रों के साथ संबंध जटिल और बहुआयामी हैं। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान ने शिया इस्लाम को अपनी विदेश नीति का आधार बनाया है, जो सुन्नी-बहुल मुस्लिम दुनिया के साथ उसके संबंधों को प्रभावित करता है। ईरान की सरकार खुद को इस्लामिक एकता का समर्थक बताती है लेकिन वास्तव में वह शिया प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश करती रहती है। ईरान की इस्लामिक क्रांति ने उसे मुस्लिम दुनिया में एक वैकल्पिक मॉडल के रूप में स्थापित किया, जहां वह खुद को साम्राज्यवाद-विरोधी और फिलिस्तीन समर्थक के रूप में पेश करता है। हालांकि, शिया-सुन्नी विभाजन के कारण ईरान की सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य सुन्नी-बहुल देशों के साथ प्रतिद्वंद्विता गहरी है। ईरान को सुन्नी राष्ट्रों द्वारा 'शिया विस्तारवादी' के रूप में देखा जाता है, जबकि ईरान इन देशों को अमेरिका की कठपुतली मानता है। 1980 के दशक से ईरान ने लेबनान में हिजबुल्लाह, इराक में शिया मिलिशिया, सीरिया में असद शासन और यमन में हूती विद्रोहियों को समर्थन दिया। यह नेटवर्क ईरान को क्षेत्रीय शक्ति प्रदान करता है लेकिन इसे आतंकवाद का प्रायोजक भी बनाता है, जैसा कि अमेरिका और उसके सहयोगी दावा करते हैं।

सऊदी अरब और ईरान में पुरानी अदावत है। दरअसल सऊदी अरब में एक शिया मौलवी को 2016 में फांसी की सजा दी गई थी और इसी मुद्दे पर 2016 में सऊदी अरब और ईरान के कूटनीतिक संबंध खत्म हो गए थे। तब से ये दोनों देश एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन गए थे। सऊदी अरब खुद को सारी दुनिया के सुन्नी मुसलमानों का रहनुमा मानता है और ईरान अपने को शिया मुसलमानों का। आप जानते हैं कि दोनों ही देश तेल उत्पादक देश हैं। दोनों ही देश अपने व्यावसायिक दिलचस्पी के वर्चस्व की लड़ाई लड़ते हैं। क्या सऊदी अरब और ईरान कभी चीन से यह पूछने की हिमाकत करेंगे कि चीन में मुसलमानों पर भीषण अत्याचार क्यों हो रहे हैं? वे कब थमेंगे? चीन ने अपने मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत में रहने वाले मुसलमानों को पूरी तरह से कसा हुआ है। उन्हें खानपान के स्तर पर वह सब कुछ करना पड़ा रहा है, जो उनके इस्लाम धर्म में पूर्ण रूप से निषेध है।

इस बीच, अफगानिस्तान और पाकिस्तान जैसे सुन्नी बहुल देशों के साथ ईरान व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाता है। वह मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे सुन्नी समूहों से भी संबंध रखता है, ताकि अमेरिकी प्रभाव का मुकाबला कर सके। लेकिन कुल मिलाकर, ईरान की अलगाववादी स्थिति बनी हुई है, विशेष रूप से सुन्नी अरब देशों के साथ। हालांकि यह बताना जरूरी है कि उसकी पाकिस्तान से तनातनी भी चलती रहती है। ईरान ने पाकिस्तान में 2021 में सर्जिकल स्ट्राइक किया था। इस हमले का नतीजा यह हुआ कि ईरान ने अपने कुछ अपहृत कर लिए गए नागरिकों को 'जैश उल अदल' नाम के आतंकी संगठन के कब्जे से छुड़वा लिए। जैश अल-अदल के आतंकी पाकिस्तान की ईरान से लगती सरहद पर लगातार हमले बोल रहे हैं। उनके 2019 के हमले में 27 ईरानी नागरिक मारे गए थे।

ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) 1969 में स्थापित विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है, जिसमें 57 मुस्लिम बहुल देश शामिल हैं। ईरान इस संगठन का संस्थापक सदस्य होने के साथ-साथ शुरू से ही एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली देश रहा है। हालांकि, ईरान की स्थिति हमेशा विवादास्पद और उतार-चढ़ाव वाली रही है। सऊदी अरब के साथ क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता ने ओआईसी में ईरान की भूमिका को बार-बार प्रभावित किया। उसे 1980 के दशक में ईरान-इराक युद्ध के दौरान ओआईसी में अलग-थलग करने की कोशिशें हुई। फिर भी, ईरान ने इस संगठन में अपनी सक्रियता कभी कम नहीं होने दी। वह फिलिस्तीन के समर्थन, कश्मीर मुद्दे और इस्लामोफोबिया के खिलाफ लगातार मुखर रहा। हाल के वर्षों में खासकर 2024-2025 में इजराइल के साथ बढ़ते तनाव और ईरान पर हुए हमलों के बाद उसने ईरान ओआईसी से मजबूत एकजुटता की मांग की। कतर, मलेशिया, इंडोनेशिया और तुर्की जैसे देशों ने कई बार ईरान के पक्ष में आवाज उठाई, लेकिन सऊदी अरब और उसके सहयोगियों के प्रभाव के कारण संगठन अक्सर निर्णायक कार्रवाई करने में असमर्थ रहा।

ईरान ओआईसी को मुस्लिम दुनिया की एकता का मंच मानता है, लेकिन ईरान की स्थिति प्रभावशाली तो है, परंतु पूर्ण नेतृत्व वाली नहीं है। आज ईरान के प्रमुख सहयोगी हैं- लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद, यमन में हूती, इराक में पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज। ये समूह ईरान को इजराइल और अमेरिका के खिलाफ 'प्रतिरोध' प्रदान करते हैं। ईरान रूस और चीन से भी करीब है, जो उसे प्रतिबंधों से बचाने में मदद करते हैं। दूसरी ओर उसका सुन्नी देशों के साथ तनाव जारी है। सऊदी अरब के साथ यमन युद्ध और इराक में प्रभाव की लड़ाई ने संबंधों को बिगाड़ा है। हालांकि, 2023 में चीन की मध्यस्थता से कुछ सामान्यीकरण हुआ, लेकिन इजराइल-हमास युद्ध ने फिर तनाव बढ़ाया। ईरान खुद को मुस्लिम दुनिया का रक्षक बताता है लेकिन कई मुस्लिम राष्ट्र उसे संदेह की नजर से देखते हैं क्योंकि वह क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाता है।

ईरान में आजकल चल रही उथल-पुथल इस्लामिक दुनिया के साथ उसके संबंधों को और जटिल बना रही है। पिछले दिसंबर से तेहरान के ग्रैंड बाजार में दुकानदारों की हड़ताल से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन तेजी से देशव्यापी हो गये, सभी 31 प्रांतों में फैल गये। शुरुआत में मुद्रा (रियाल) के पतन और 40% महंगाई के खिलाफ थे लेकिन जल्दी ही राजनीतिक हो गए। प्रदर्शनकारी देश के शिखर नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगा रहे हैं, रेजा पहलवी (पूर्व शाह के पुत्र) के पक्ष में चिल्ला रहे हैं और शासन के अंत की मांग कर रहे हैं।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार और जाने-माने स्तंभकार हैं।)**

# ताकत का दुरुपयोग है विश्व पटल पर ट्रम्प की सामंतशाही



मनोज कुमार अग्रवाल

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का व्यवहार लगातार दुनिया को हतप्रभ कर रहा है ट्रंप की हठधर्मिता दिनों दिन नये रूप में सामने आ रही है। एक ताकतवर मुल्क किस तरह अराजकत व्यवहार कर अन्य देशों के लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है यह उनके तमाम हरकतों से समझ सकते हैं। अब ताजा घटना चक्र में अमेरिका ने ईरान को हर तरफ से घेरना शुरू कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप के इस फैसले से ईरान के अंदर विरोध प्रदर्शनों पर हिंसक कार्रवाई को लेकर खामेनेई सरकार पर दबाव बढ़ गया है, जिसमें कम से कम 648 लोग मारे गए हैं और पूरे देश में हजारों की गिरफ्तारियां हुई हैं। ट्रंप की यह टैरिफ कार्रवाई संभावित रूप से भारत और चीन सहित कई देशों को प्रभावित कर सकती है, जो ईरान और अमेरिका, दोनों के साथ व्यापार करते हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा, तुरंत प्रभाव से, इस्लामी गणराज्य ईरान के साथ व्यापार करने वाला कोई भी देश, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ होने वाले सभी व्यापार पर 25 प्रतिशत टैरिफ देगा। यह आदेश अंतिम और निर्णायक है। टैरिफ की घोषणा ऐसे समय हुई है जब ट्रंप ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका के पास एक विकल्प यह भी है कि वह ईरान पर हवाई हमला करे। लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि ईरान के पास ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से बात करने का एक राजनयिक चैनल भी खुला है। उन्होंने कहा कि ईरान अपने सार्वजनिक बयानों की तुलना में निजी तौर पर बहुत अलग बोली बोल रहा है। चीन को ईरान का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार माना जाता है, लेकिन ट्रंप के इस कदम का असर भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और तुर्की पर भी पड़ेगा, जो तेहरान के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से हैं। तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास के अनुसार, भारत ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में ईरान को 1.24 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया, जबकि 0.44 अरब डॉलर का आयात किया, जिससे कुल व्यापार 1.68 अरब डॉलर (लगभग 14,000-15,000 करोड़ रुपये) हो गया। इनमें सबसे बड़ा हिस्सा 512.92 मिलियन डॉलर मूल्य के कार्बनिक केमिकल्स का था। इसके बाद फल, मेवे, खट्टे फलों के छिलके और खरबूजे 311.60 मिलियन डॉलर और खनिज ईंधन, तेल और आसवन उत्पाद 86.48 मिलियन डॉलर के थे। ध्यान रहे कि अमेरिका ने पहले ही रूप्सी तेल की खरीद के लिए भारतीय सामानों पर कुल 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया है। अगर ईरान से व्यापार के लिए भी भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगता है तो व्यापार में और बाधा आएगी। ईरान इस समय गंभीर राजनीतिक और आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। देशभर में भड़के विरोध



प्रदर्शनों ने सरकार के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि ईरान में इंटरनेट और मोवाइल सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। यह संकट केवल ईरान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर भारत जैसे देशों पर भी पड़ सकता है, जिनके रणनीतिक और व्यापारिक हित ईरान से गहराई से जुड़े हुए हैं। ईरान भारत की विदेश और व्यापार नीति का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है।

आपको बता दें कि भारत ने मध्य एशिया, रूस और यूरोप तक अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए जिन परियोजनाओं में निवेश किया है, उनमें ईरान एक प्रमुख ट्रांजिट हब की भूमिका निभाता है। खासतौर पर ईरान के दक्षिण पूर्वी तट पर स्थित चाबहार बंदरगाह भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद अहम है। चाबहार पोर्ट भारत भारत को पाकिस्तान को बायपास करते हुए अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरोप तक सीधा व्यापारिक रास्ता देता है। यही बंदरगाह इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर यानी आईएनएसटीसी का भी अहम हिस्सा है। इस मार्ग से भारत को निर्यात आयात में करीब 40 प्रतिशत समय और लगभग 30 प्रतिशत लागत को बचत होती है। अगर ईरान में अस्थिरता बढ़ती है और चाबहार बंदरगाह प्रभावित होता है तो भारत की भू-आर्थिक रणनीति को बड़ा झटका लग सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और ईरान के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 1.68 अरब डॉलर रहा। इसमें भारत ने ईरान को 1.24 अरब डॉलर का निर्यात किया, जबकि 0.44 अरब डॉलर का आयात किया गया। इस तरह भारत को लगभग 0.80 अरब डॉलर का व्यापारिक लाभ हुआ। भारत से ईरान को भेजे जाने वाले प्रमुख सामानों में चावल, चाय, चीनी, दवाइयां, इलेक्ट्रिक मशीनरी और कृत्रिम फाइबर शामिल हैं। वहीं ईरान से भारत सूखे मेवे, रसायन और कांच से बने उत्पाद आयात करता है। अगर संकट गहराता है और चाबहार पोर्ट या आईएनएसटीसी मार्ग बाधित होता है तो भारत-ईराम व्यापार पर सीधा असर पड़ सकता है। ईरान दुनिया के बड़े तेल और गैस उत्पादक देशों में शामिल है। अगर ईरान संकट का असर होर्मुज जलडमरूमध्य तक पहुंचता है तो वैश्विक तेल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। दुनिया के करीब 20 प्रतिशत कच्चे तेल की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से भारत का आयात बिल बढ़ेगा। इसका सीधा असर परिवहन लागत, माल बुलाई और आम लोगों की महंगाई पर पड़ेगा। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से देश में महंगाई का दबाव और तेज हो सकता है। ईरान में जारी संकट भारत के लिए केवल एक पड़ोसी देश को समस्या नहीं है, बल्कि यह भारत की व्यापारिक, ऊर्जा और रणनीतिक सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ मामला है। आपको पता रहे कि चाबहार पोर्ट, आईएनएसटीसी कॉरिडोर और तेल आपूर्ति जैसे मुद्दे भारत की दीर्घकालिक आर्थिक योजनाओं से जुड़े हैं। अगर ईरान में हालात और बिगड़ते हैं, तो भारत को इसके दूरगामी प्रभावों के लिए तैयार रहना होगा। यहां यह भी ध्यान रहे कि अमेरिका और भारत, दोनों पक्ष एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए महीनों से काम कर रहे हैं। अगर यह समझौता हो जाता है तो यह नई दिल्ली को लंबे समय से अपेक्षित टैरिफ राहत प्रदान करेगा। यहां यह भी बता दें अमेरिका की सामंतवाद की यह नीति कोई अचानक उपजी हुई नहीं है। शीत युद्ध के दौर से लेकर आज तक, लैटिन अमेरिका, पश्चिम एशिया और एशिया-अफ्रीका के कई देशों ने इसे झेला है। इराक, लीबिया, सीरिया और अब वेनेजुएला—सूची लंबी है। फर्क बस इतना है कि हर बार हस्तक्षेप को नया नाम दे दिया जाता है—कभी 'लोकतंत्र की बहाली', कभी 'तानाशाही के खिलाफ लड़ाई' और कभी 'मानवाधिकारों की रक्षा'। लेकिन इन सभी नारों के पीछे असली लक्ष्य संसाधन, प्रभाव और रणनीतिक नियंत्रण ही रहा है।यह स्थिति पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है। खासकर विकासशील और मध्यम शक्ति वाले देशों के लिए। यह मान लेना कि अमेरिकी सहायता, व्यापार या रणनीतिक साझेदारी हमेशा निष्पक्ष और दीर्घकालिक होगी, अब एक खतरनाक भ्रम बन चुका है। इतिहास गवाह है कि अमेरिका दोस्ती भी अपने हित देखकर करता है और दुश्मनी भी।

हालांकि इस मे कोई संदेह नहीं है कि अमेरिका अपनी ताकत का पूरी तरह दुरुपयोग कर विश्व भर में अपना प्रभुत्व कायम करना चाहता है और इसके लिए वह वैश्विक कानून और आचार संहिता को लगातार अनदेखा कर विपरित आचरण कर रहा है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेता भंवर सिंह पलाड़ा के पिता पीरू सिंह राठौड का निधन



**चमकता राजस्थान/ रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता भंवर सिंह पलाड़ा के पिता पीरू सिंह राठौर का 17 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 जनवरी को ही दोपहर तीन बजे पैतृक गांवा पलाड़ा (डीडवाना-कुमाचन) में किया जाएगा। पिता के निधन को पलाड़ा ने परिवार के लिए अपूर्णियक्षति बताया है। उन्होंने कहा कि उनके पिता उनके जीवन में मार्ग दर्शक भी रहे। सरल और सेवा भाव से जीने की सच्ची राह भी पिता ने ही बताई। पीरू सिंह राठौर के निधन पर राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत, विधायक अनिता भदेल, रामस्वरूप लांबा, वीरेंद्र सिंह कानावत आदि ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राठौर समाजसेवी में भी सक्रिय रहे।

### कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम: बूथ स्तर तक चलाया जाएगा जन जागरण अभियान, अजमेर ग्रामीण कांग्रेस ने ब्लॉक स्तर पर लगाए प्रभारी



**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर/मदनगंज किशनगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर ग्रामीण द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम को प्रत्येक गांव-ढाणी तक जन जागरण अभियान चलाएगी।

विधायक व जिला अध्यक्ष डॉ विकास चौधरी ने कहा कि कांग्रेस इस संघर्ष को तब तक जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जब तक कि हम काम, आजीविका और जवाबदेही के उस अधिकार की बहाली हासिल नहीं कर लेते, जिसे नरेन्द्र मोदी सरकार ने मनरेगा को ध्वस्त करके छीन लिया है।12 से 29 जनवरी तक सभी ग्राम पंचायतों में चौपाल और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसके बाद काम के अधिकार की मांग को लेकर 30 जनवरी को वार्ड स्तर पर शांतिपूर्ण धरना दिया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर ग्रामीण द्वारा ब्लॉक स्तर पर प्रभारी व सहप्रभारी की नियुक्ति की गई है। किशनगढ़ ब्लॉक पर विवेक पाराशर व जीवण भाकर, अराई ब्लॉक पर खेताराम नवल और राजीव शुक्ला, पुष्कर ब्लॉक पर रामनिवास किराडिया व गणेश आचार्य, रूपनगर ब्लॉक पर अजय गौड व ओमप्रकाश गुर्जर, श्रीनगर ब्लॉक पर श्री भावेश जैन व यूनुस खान, पीसांगन ब्लॉक पर हरि सिंह गुर्जर व सुमेर चौधरी, केकड़ी ब्लॉक पर हाजी इंसाफ अली व जगदीश गोरा, सरवाड़ ब्लॉक पर श्रवण गुर्जर व जसराज डाबला को लगाया गया है।

### संपर्क साहित्य संस्थान का आठवां वार्षिक उत्सव 18 को जयपुर में

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** सम्पर्क साहित्य संस्थान का आठवां वार्षिकोत्सव, नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी स्वागत समारोह, देश के नामचीन 21 साहित्यकारों को साहित्यश्री सम्मान व पुस्तक विमोचन 18 जनवरी रविवार को गुर्जर की थड़ी स्थित होटल ग्रेंड सफारी में अपराह्न 12.30 बजे समारोह पूर्वक संपन्न होगा।

समन्वयक महासचिव रेनू शब्द मुखर ने बताया कि इस अवसर महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ मंजू बाघमार मुख्य अतिथि होगी वहीं रोजियम ग्रुप चैयरमैन अर्पित जैन कार्यक्रम अध्यक्ष होंगे । सचिव विजयलक्ष्मी जांगिड़ व संगठन सचिव हिमाद्री समर्थ ने बताया कि सम्पर्क अध्यक्ष अनिल लढ़ा के सानिध्य में होने वाले इस समारोह विशिष्ट अतिथि हिन्दी प्रचार प्रसार संस्थान अध्यक्ष , वरिष्ठ भाजपा नेता, अधिवक्ता डॉ अखिल शुक्ला व शिक्षाविद डॉ ऋत्विज गौड है । संयुक्त सचिव डॉ नेहा पारीक व मुख्य संरक्षक डॉ आरती भदौरिया ने बताया कि आयोजन के दौरान लेखिका सुनिता त्रिपाठी 'अजय' की पुस्तकों सृष्टिमन भागझ्र2, सृष्टिमन भाग - 3 एवं लड्डू गोपाल की पालकी, शालिनी शर्मा की पुस्तक आईना-ए-मोहब्बत, हर्षवर्धन पांडेय की पुस्तक उम्र 18 की व डॉ अनु चौधरी की चक्रा एस्ट्रोलॉजी का विमोचन किया जाएगा।

## प्री बजट बैठक

# लोगों की जरूरत और क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता दें : उपमुख्यमंत्री, दिया कुमारी

### विकसित राजस्थान डॉक्युमेंट के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

**चमकता राजस्थान**



जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि सड़क, पुल तथा भवन आदि के जो प्रस्ताव आगामी बजट के लिए तैयार किए जा रहे है उनमें संबंधित अधिकारी लोगों की जरूरत और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दें। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में शनिवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्यालय में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी बजट को ध्यान में रखते हुए विभागीय तैयारियों एवं प्रस्तावित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट से पूर्व सभी प्रस्तावों पर गहन समीक्षा एवं आवशयक अभ्यास करें। उन्होंने कहा कि आमजन के लिए अत्यंत आवशयक तथा संबंधित क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को पूरा करने वाली सड़क परियोजनाओं को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि आगामी बजट के लिए सड़कों, पुलों एवं भवनों से जुड़े कार्यों का चयन जनहित, क्षेत्रीय आवशयकता, यातायात सुविधा एवं सुरक्षा तथा दीर्घकालीन उपयोगिता को ध्यान में रखकर किया जाए। उन्होंने ऐसे प्रस्ताव तैयार करने पर जोर दिया जो विकसित राजस्थान डॉक्यूमेंट के अनुरूप हो ताकि विकसित राजस्थान के लक्ष्य को जल्द से जल्द हासिल किया जा सकें।

- **व्यावहारिक रूप से समय पर पूर्ण होने वाले प्रस्ताव तैयार करनें पर जोर**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि सभी प्रस्ताव तकनीकी रूप से सुदृढ, वित्तीय रूप से व्यावहारिक एवं समयबद्ध क्रियान्वयन योग्य हों ताकि बजट स्वीकृति के पश्चात कार्यों को शीघ्र धरातल पर उतारा जा सके। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाये की प्रस्तावित सड़क परियोजना वन क्षेत्र,रिहायशी क्षेत्र अथवा अन्य किसी कारण से लंबित एवं बाधित न हो।

- **तीन दिन फिल्ड विजिट के निर्देश**


उपमुख्यमंत्री ने जनता एवं क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप बजट घोषणाओं के लिए अधिकारियों को आगामी तीन दिन तक फिल्ड विजिट के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जिलों में पदस्थापित अधिकारी फिल्ड में जाकर यह सुनिश्चत करें कि कौनसी सड़क परियोजना उस क्षेत्र के यातायात को सुगम बनाने एवं लोगों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए आवशयक है।

इस दौरान उन्होंने बजट घोषणाओं की क्रियान्विती की समीक्षा करते हुए प्रदेश में चल रही परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एनएच, एनएचएआई, आरएसएचए, सीआईआरएफ, रिडकोर, पीएमजीएसवाई तथा राज्य सड़कों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव डी आर मेघवाल, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी के सशक्त नेतृत्व में अजमेर सरस डेयरी ने रचा इतिहास

### दुग्ध संकलन 6 लाख 11 हजार लीटर के पार, सहकारी डेयरी क्षेत्र में नया कीर्तिमान

**चमकता राजस्थान**



**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** अजमेर सरस डेयरी ने सहकारी दुग्ध आंदोलन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए प्रतिदिन 6 लाख 11 हजार लीटर से अधिक दुग्ध संकलन कर एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि अजमेर डेयरी के अध्यक्ष श्री रामचंद्र चौधरी के दूरदर्शी, सशक्त और किसान-हितैषी नेतृत्व का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है। अध्यक्ष श्री रामचंद्र चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि दुग्ध उत्पादकों को 10 प्रति फैट की दर दिए जाने से पशुपालकों का भरोसा सहकारी व्यवस्था परं और अधिक मजबूत हुआ है। इसी विश्वास के कारण बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक निजी डेयरियों के बजाय अजमेर सरस डेयरी से जुड़ रहे हैं, जिससे दुग्ध संकलन में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि 6 लाख 11 हजार लीटर का दुग्ध संकलन केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती, पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा और सहकारी मॉडल की सफलता का सशक्त प्रमाण है। इससे गांव-गांव में पशुपालकों को नियमित आय, सुरक्षित बाजार और भविष्य के प्रति स्थायित्व का भरोसा मिला है।

इस अवसर पर अजमेर डेयरी के प्रबंध संचालक श्री रामलाल चौधरी ने बताया कि बढ़ते दुग्ध संकलन को देखते हुए संघ द्वारा दूध संग्रहण, प्रसंस्करण, भंडारण एवं गुणवत्ता नियंत्रण की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रबंधन और कर्मचारियों की सतत मेहनत से ही इतने बड़े स्तर पर दुग्ध संकलन को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है।अध्यक्ष श्री रामचंद्र चौधरी ने विश्वास जताया कि वर्तमान गति को देखते हुए अजमेर सरस डेयरी शीघ्र ही प्रतिदिन 7 लाख लीटर दुग्ध संकलन के लक्ष्य को भी प्राप्त करेगी और प्रदेश की अग्रणी सहकारी डेयरियों में अपना द्वितीय स्थान कायम रहेगा । ज्ञात रहे कि विश्व में भारत दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान पर है एवं भारत वर्ष में उत्तरप्रदेश प्रथम स्थान पर है इसी प्रकार राजस्थान दुग्ध उत्पादन में दूसरे स्थान पर है और राजस्थान में अजमेर गत 20 वर्षों से द्वितीय स्थान पर चल रहा है।

अंत में अध्यक्ष श्री रामचंद्र चौधरी ने जिले के समस्त दुग्ध उत्पादकों, समिति सदस्यों, प्रबंध संचालक सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही यह महत्वपूर्ण उपलब्धि संभव हो सकी है।

### 20 किलो 830 ग्राम अफीम डोडा चूरा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान**

उन्हेल नागेश्वर/गोवर्धनसिंह। झालावाड़ जिले की गंगधार पुलिस ने अवैध मादक पदार्थो पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 किलो 830 ग्राम अफीम निर्मित डोडा चूरा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार किए है, आरोपियो के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया गंगधार थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी ने बताया कि पुलिस की गठित टीम ने अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान सांकरिया रावतपुरा रोड रेल्वे स्टेशन चौमहला के पास से दो व्यक्तियो की तलाशी लेने पर आरोपी भोलाराम व्यास निवासी सांकरिया के पास स्थित पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर उसमे से 11 किलो 235 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम निर्मित साबूत व पीसा हुआ डोडा चूरा व भुवान सिंह के बैग से 9 किलो 595 ग्राम अफीम निर्मित डोडा चूरा जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

### भंवर सिंह पंवार पूर्व ब्लाक हसनपुरा को पुष्पांजलि अर्पित कि गई



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** आज जयपुर शहर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, हसनपुरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्री भंवर सिंह पंवार कि 24 वी पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया व भावनात्मक पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन व परिवार जन ने पुष्पांजलि अर्पित की जिसमें नन्द सिंह राजावत,अजीत सिंह, दिलीप सिंह राजावत, हेमंत पड़ी पूर्व पार्षद, गोविन्द सिंह चौहान, भंवर सिंह शेखावत लिसाड़ीया, रूप सिंह गौड़,महेंद्र सिंह हाड़ा, दशरथ सिंह चौहान, रविन्द्र नौटियाल, मो. अरशद अली, कुलदीप सिंह पंवार, हेम सिंह, डॉ राजेश पंवार, सुदीप सिंह पंवार व विक्रम सिंह पंवार, महासचिव, जयपुर शहर कांग्रेस कमेटी उपस्थित रहे।

### ग्राम ढुंढिया के भगवान सिंह बने असिस्टेंट प्रोफेसर



**चमकता राजस्थान/नागौर(प्रदीप कुमार डागा)।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती छोटे से गांव ढुंढिया के भगवान सिंह का असिस्टेंट प्रोफेसर में चयन हुआ है। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जारी भूगोल विषय के परीक्षा परिणाम में यह सफलता भगवान सिंह को प्राप्त हुई है। भगवान सिंह के पिता साधारण परिवार के तथा एक शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे थे। भगवान सिंह को दूसरी बार में यह सफलता प्राप्त हुई है।

### समाज के सर्वांगीण विकास के लिए बालिका शिक्षा जरूरी : डा. हर सहाय मीणा




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सेवापुरा, ब्लॉक बस्सी मे भामाशाहों द्वारा स्टूडेंट्स को स्वेटर , शूज और बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ हरसहाय मीणा IAS, अध्यक्षता सुनीता श्रीमाली, विशिष्ट अतिथि बृजमोहन शर्मा,पुष्पेंद्र मीणा,प्रधानाध्यापक पन्ना लाल मीणा,भामाशाह बहादुर सिंह, कल्याण मीणा अध्यापक, मूलचंद मीणा तिरुपति प्रॉपर्टीज द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं को स्वेटर, शूज और बैग का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक पन्ना लाल मीणा और ग्रामवासी लक्ष्मीनारायण गुर्जर,श्रवण बैरवा,कृष्ण बैरवा ,गणपत माली ओर समस्त ग्रामवासियों ने भामाशाहों को धन्यवाद दिया। डॉ हरसहाय मीणा द्वारा स्टूडेंट्स को बताया कि मे भी सरकारी विद्यालय में पढ़कर ही RAS बना हूं और अब पदोन्नति लेकर आईएएस बना हूँ। आपको भी मेहनत से पढ़ाई कर राजकीय सेवा में जाने का प्रयास करना है, उन्होंने बालिका शिक्षा पर भी जोर देकर कहा कि बालिकाओं को उच्च शिक्षा से पहले ही पढाई छोड़नी पड़ती हैं,उपस्थित सभी अभिभावकों को इस बात की शपथ दिलवाई कि हम हमारी बालिकाओं को उच्च शिक्षा दिलवाएंगे। छात्र-छात्राओं लक्ष्य तय करके उसको प्राप्त करने के लिए सतत मेहनत करने, देश प्रेम, प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

### लखीसराय में विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

**लखीसराय/सौरव कुमार।** लखीसराय जिला खेल प्रशासन के सहयोग से के. आर. के मैदान में 19 जनवरी को दोपहर 12 बजे से एक दिवसीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन बिहार कुश्ती चैंपियन चंद्रभान पहलवान जी के नेतृत्व मे किया जाएगा` इस कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर लखीसराय जिलाधिकारी श्री मिथलेश मिश्र जी , जिला खेल पदाधिकारी श्री मृणाल रंजन जी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे` जिले भर के दिग्गज पहलवान अपनी कुश्ती का दमखम दिखाने के लिए एक दिवसीय विराट कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होंगे` प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी पहलवानों को मेडल से सम्मानित किया जाएगा` कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को जिला प्रशासन के हाथों से ट्रॉफी और नकद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

# लॉरिट्ज़ नुडसेन ने जयपुर में भारत रिन्यूएबल एक्सपो 2026 में पेश किया अगली पीढ़ी का ऊर्जा पोर्टफोलियो

### मेगावाट से आगे बढ़ते हुए, अब दीर्घकालिक प्रदर्शन पर जोर

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** लॉरिट्ज़ नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने जयपुर में आयोजित भारत रिन्यूएबल एक्सपो 2026 में अपना नया ऊर्जा पोर्टफोलियो प्रदर्शित किया। ऐसे समय में, जब भारत का नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र एक अधिक चुनौतीपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहा है और क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ भरोसेमंद संचालन, ग्रिड इंटीग्रेशन और पूरे जीवनकाल में प्रदर्शन उतना ही महत्वपूर्ण हो गया है।

पिछले दस वर्षों में भारत की सौर ऊर्जा यात्रा बहुत तेज़ी से आगे बढ़ी है। इसे कुसुम योजना, पीएलआई योजना के तहत घरेलू विनिर्माण को मिले प्रोत्साहन, वितरित ऊर्जा ढांचे और हाल में लागू सह-स्थित ऊर्जा भंडारण के नियमों का समर्थन मिला है। इन कदमों की वजह से दिसंबर 2025 तक भारत की स्थापित सौर क्षमता 135.8 गीगावाट तक पहुंच गई है (एमएनआरई के आंकड़ों के अनुसार) और देश ने अपने गैर-जीवाश्म ऊर्जा लक्ष्य का आधे से अधिक हिस्सा समय से पहले हासिल कर लिया है। अब जब सौर परियोजनाओं की संख्या और विस्तार बढ़ चुका है, तो उद्योग में बातचीत इस बात पर ज्यादा हो रही है कि 20झ्र25 साल के पूरे संचालन काल में ये परियोजनाएं कितनी भरोसेमंद और लगातार अच्छा प्रदर्शन करती हैं, न कि सिर्फ कितनी जल्दी क्षमता जोड़ी जाती है।

इस बदलाव में राजस्थान की भूमिका अहम है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, स्थापित सौर क्षमता में राज्य देश में अग्रणी है। यहां बड़ी संख्या में चालू परियोजनाएं होने के कारण राजस्थान नवीकरणीय प्रदर्शन के परिणामों के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बन गया है, जहां की परिचालन स्थितियां अब अपटाइम, सुरक्षा और पूंजी पर रिटर्न जैसे राष्ट्रीय मानकों को प्रभावित कर रही हैं।

वैश्विक स्तर पर किए गए उद्योग आकलन बताते हैं कि तेज़ी से विस्तार करने पर मॉड्यूल क्षरण, कमजोर विद्युत कनेक्शन और खराबी का देर से पता चलने जैसी कमजोरियां सामने आ सकती हैं, जिससे उत्पादन में कमी और संचालन लागत बढ़ती है। भारत में घटते टैरिफ और परिसंपत्तियों के लंबे जीवनकाल के कारण अब डिजाइन गुणवत्ता, डिजिटल निगरानी और प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस पर अधिक जोर दिया जा रहा है, ताकि वर्षों नहीं बल्कि दशकों तक प्रदर्शन बरकरार रखा जा सके।

भारत रिन्यूएबल एक्सपो 2026 में लॉरिट्ज़ नुडसेन यह दिखा रहा है कि स्मार्ट इलेक्ट्रिफिकेशन, ऑटोमेशन और आईओटी आधारित समाधान किस तरह रियल-टाइम मॉनिटरिंग, प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस और तेज़ फॉल्ट आइसोलेशन के जरिए इन चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकते हैं। कंपनी उन्नत एसी सॉल्यूशन (800श्अउ तक), डीसी स्विचगियर सॉल्यूशन (1500श् उ्ब तक), एमवी स्विचगियर झ्र 11'श और 33'श श्उइ, स्मार्ट मीटरिंग सॉल्यूशन, बसबार ट्रंकिंग सिस्टम, क्लाउड आधारित रिमोट मॉनिटरिंग सॉल्यूशन और एकीकृत ईवी चार्जिंग इकोसिस्टम प्रदर्शित कर रही है, जो सौर ऊर्जा, स्टोरेज-इंटीग्रेटेड सिस्टम और व्यापक नई ऊर्जा जरूरतों के अनुरूप हैं।

लॉरिट्ज़ नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर नरेश कुमार ने कहा, "भारत की नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा अब उस चरण में है जहां हर मेगावाट से भरोसेमंद और दीर्घकालिक मूल्य मिलना चाहिए। जैसे-जैसे क्षमता बढ़ती है, असली फर्क इस बात से पड़ेगा कि परिसंपत्तियां समय के साथ कितना अच्छा प्रदर्शन करती हैं। स्मार्ट इलेक्ट्रिफिकेशन, डिजिटल इंटेलिजेंस और प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हैं कि सौर अवसंरचना अपने पूरे जीवनकाल में मजबूत, निवेश योग्य और ग्रिड-रेडी बनी रहे।"

उन्होंने आगे कहा, "दुनिया भर के अनुभव बताते हैं कि डिजिटल जांच और ऑटोमेशन से मशीनों का बंद रहने का समय काफी कम किया जा सकता है और उनकी उम्र बढ़ाई जा सकती है। अब जब नीतिगत चर्चाएं स्टोरेज को जोड़ने, ग्रिड की तैयारी और प्रदर्शन की जिम्मेदारी पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं, तो इस क्षेत्र को सिर्फ परियोजनाएं लगाने के आंकड़ों से आगे बढ़कर पहले दिन से ही सौर प्रणालियों में भरोसेमंद संचालन और निगरानी को शामिल करना होगा।"

भारत रिन्यूएबल एक्सपो 2026 ऐसे समय में नीति-निर्माताओं, डेवलपर्स, तकनीक प्रदाताओं और सेवा कंपनियों को एक साथ ला रहा है, जब भारत का नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र सफलता को प्रदर्शन, मजबूती और दीर्घकालिक परिणामों के आधार पर परिभाषित कर रहा है। जयपुर में हो रही चर्चाएं और प्रदर्शनी यह दिखाती हैं कि उद्योग, नीति, तकनीक और संचालन प्रक्रियाओं को एक साथ जोड़कर देश में स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े बदलाव की प्रक्रिया के अगले चरण को सपोर्ट दे रहा है।

लॉरिट्ज़ नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन भारत में श्नाइडर इलेक्ट्रिक समूह का हिस्सा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस मुख्यालय में आयोजित पीपिंग सेरेमनी में पुलिस महानिदेशक ने दी पदोन्नति पर शुभकामनाएं




**चमकता राजस्थान/देहरादून। (दीपक शर्मा बामनवास)।** पुलिस मुख्यालय, देहरादून में आयोजित पीपिंग सेरेमनी में पुलिस महानिदेशक, दीपम सेठ के कर कमलों द्वारा उप निरीक्षक (M) से निरीक्षक (M) पद पर पदोन्नत हुए रविन्द्र सिंह, शिवपाल सिंह, कमल सिंह व दिनेश चन्द्र पपनोई को निरीक्षक पद के प्रतीक चिन्ह/स्टार से अलंकृत कर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर डीजीपी ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दीवा में शैलेश पाटिल और रमाकांत मढवी के नेतृत्व में शिवसेना शिंदे गट की बड़ी जीत

**चमकता राजस्थान/अरविन्द कोठारी/दिवा।** ठाणे महानगर पालिका चुनाव मे दीवा शहर में शिवसेना शिंदे गट के रामाकांत मढवी और कार्यसम्राट नगरसेवक शैलेश पाटिल के नेतृत्व पर आम जनता ने भरोसा जताया, जिसके कारण 27, 28 और 29 प्रभाग में भारी वोटो से एकतरफा जीत दर्ज की। प्रभाग क्र. 27 से कार्यसम्राट नगरसेवक शैलेश पाटिल ने कहा कि दीवा शहर के इतिहास में पहली हैट्रिक जीत दर्ज की गई,जो उनके कामों की पहचान की जीत है वहीं एड.आदेश भगत, स्नेहा अमर पाटिल और दीपाली भगत की जीत हुई है । प्रभाग क्र 28 से रामाकांत माधवी और पहली बार चुनाव लड़ रही साक्षी माड़वी ने कम उम्र में भारी वोटों से जीत दर्ज कर नगरसेविका बनी, जबकि दीपक जाधव और दर्शना म्हात्रे जीते। प्रभाग 29 से शिवसेना के बाबाजी पाटिल, अर्चना पाटिल और भाजपा की वेदिका पाटिल ने जीत दर्ज की। साथ ही कार्यसम्राट नगरसेवक शैलेश पाटिल ने कहा कि यह मेरी जीत नहीं है, यह सांसद श्रीकांत शिंदे के अच्छे कामों की विकास और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में अच्छे कार्यों और शिवसेना के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और दीवा की जनता की जीत है। मैं एक साधारण इंसान हूं, मेरे सदगुरुजी महाराज ने मुझे जनता की सेवा का मार्ग दिखाया है, मैं उस पर चल रहा हूं। मेरी ऑफिस सभी जाति धर्म के लोगों के जनसेवा के लिए मेरी 24 घंटे खुली है। शैलेश पाटिल ने यह भी कहा कि चुनाव में विरोधियों द्वारा जो मुद्दे उछाले गए जनता ने उनको नजर अंदाज करते हुए उनको और बाकी के सभी नगरसेवकों को भारी मतों से जिताया है ।

### रक्तवीर राजेश खोईवाल ने विधायक टाइगर राजा सिंह से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**चमकता राजस्थान/बूंदी।** मानव सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रक्तविर राजेश खोईवाल ने हैदराबाद दौरे के दौरान भारतवर्ष में सनातन धर्म के ब्रांड एंबेसडर के रूप में देश के युवाओं में अपनी पहचान बना चुके हैदराबाद की घोसामल विधान सभा सीट से भाजपा विधायक टाइगर राजा सिंह लोध से मुलाकात कर सामाजिक राजनीतिक व गौ सेवा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

विधायक टाइगर राजा सिंह ने राजस्थान को विरो की भूमि बताते हुवे रक्तविर राजेश खोईवाल के द्वारा की जा रहीं रक्त सेवा व गौ सेवा कार्यों की जानकारी जानकर बहुत सराहना की।

इस दौरान ऑर्गन डोनेशन संस्था के प्रमुख ईश्वर लिंगम हैदराबाद सालासर सेवा संस्थान जोधपुर से अरविंद कच्छवाह, संजीवनी सेवा जन कल्याण समिति उज्जैन से सुनील भावसार मौजूद रहे

### RVTKA(राजस्थान विधुत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन-चांमू) की अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की शपथ दिलाई।



**चमकता राजस्थान/राजूराम मेघवाल/ब्यूरो चीफ़ जोधपुर।** आज दिनांक 16.01.2026 को राजस्थान विधुत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन-चांमू की कार्यकारिणी में महेंद्र कुमार को अध्यक्ष व सीताराम यादव को उपाध्यक्ष पद पर सर्वसहमति से संगठन के विधान कि शपथग्रहण के साथ समस्त स्टाफगण की उपस्थिति में निर्वाचित किया गया, जिसमें पुर्व अध्यक्ष मुकेश चन्द्र बैरवा,हरिराम योगी,बंगाराम सेन,बबली चन्द सैनी,सुनिल कुमार, महावीर नागर, राकेश कुमार, नरेंद्र कुमार तंवर, खेताराम, जयप्रकाश,परसा राम चौधरी, भोमाराम सीवर उपस्थित रहें।

### राजमार्ग हो या कॉलोनी की सड़क हादसों से बचने के लिए सड़क सुरक्षा है जरूरी



**चमकता राजस्थान/बूँदी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तालेड़ा एवं अकतासा में सड़क सुरक्षा विषय पर बूंदी जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करवाई गई। डीटीओ सौम्या शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को बढ़ते सड़क हादसों की जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा नियम बताए गए और इनकी पालना को लेकर गंभीरता बताई गई। धारा एनजीओ अध्यक्ष प्रवीण गोस्वामी द्वारा विद्यार्थियों को सड़क पर होने वाली दुर्घटना स्थिति को दिखा कर दुर्घटना से बचने के तरीके समझाए गए। पैदल चलने या कोई वाहन चलाते हुए होने वाली गतिविधियों को बताते हुए सड़क हादसों से बचने के तरीके समझाए गए। गोस्वामी द्वारा राहवीर योजना समझाते हुए दुर्घटना स्थिति में मिले पीड़ित की सहायता करने वाले युवा बनाने के लिए विद्यार्थियों को सड़क हादसे की स्थिति में सही निर्णय लेने और प्राथमिक उपचार के साथ सीपीआर देकर पीड़ित की जान बचाने के तरीके सिखाए।

# उड़ान उत्सव 2026 में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्यार्थियों का बढ़ाया हौसला, नवाचार की सराहना

चमकता राजस्थान

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित केपीएस उड़ान विद्यालय के वार्षिकोत्सव 'उड़ान उत्सव 2026' में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।





कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई साइंस एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी नवाचार क्षमता, कल्पनाशीलता एवं मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि परिजनों को बच्चों पर किसी भी प्रकार का अनावश्यक दबाव नहीं बनाना चाहिए, बल्कि जिस क्षेत्र में बच्चे की रुचि और प्रतिभा हो, उसमें आगे बढ़ने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चे के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में परिजनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बच्चों तक पहुँचाकर उनके सपनों को साकार किया जा सकता है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर आगे बढ़ने का अवसर दिया जा सकता है।

इस अवसर पर हवामहल विधायक श्री बालमुकुंद आचार्य जी, खाण्डल विप्र विद्यालय समिति के अध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद शर्मा जी, सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री बनवारी लाल शर्मा जी, महासचिव श्री ओमप्रकाश जी सेवदा, पूर्व विधायक श्रीमती राजकुमारी शर्मा जी, सचिव श्री बी.डी. खंडेलवाल जी, सदस्य श्री रमेश शर्मा जी सहित कार्यकारिणी पदाधिकारी, विद्यालय स्टाफ, अभिभावकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बाराणी विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा भ्रमण आयोजित

- विद्यार्थियों ने कंप्यूटर शिक्षा की ली जानकारी
- आरकेसीएल के अधिकारियों ने दी जानकारी

चमकता राजस्थान

नागौरप्रदीप कुमार डागा। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव बाराणी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का व्यावसायिक शिक्षा भ्रमण कार्यक्रम आयोजित हुआ साल में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कंप्यूटर शिक्षा जानकारी के क्रम में विद्यार्थियों ने पार्थ कंप्यूटर सेंटर पर हुए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में कंप्यूटर शिक्षा से संबंधित जानकारी ली। बच्चों के साथ कंप्यूटर के विभिन्न कार्य पद्धति शेयर की गई जिसके अंतर्गत नेमीचंद सांखला ने बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा के बारे में अवगत करवाया एवं साथ ही में आरकेसीएल के जिला परियोजना अधिकारी धीरेंद्र कुमार ने आर्टिफिशियल के बारे में विस्तृत जानकारी शेयर करी और आने वाले समय की आवश्यकता, कंप्यूटर के उपयोग और साइबर क्राइम से बचाव इन सब के बारे में बच्चों को अवगत करवाया और अपने समय का सदुपयोग करते हुए आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश में कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण करने का अनुरोध किया।इस उपलक्ष में संस्था संचालिका अरुणा सांखला द्वारा बच्चों को उपहार स्वरूप पेन गिफ्ट किया गया। शाला प्रधानाचार्य ऋचा वर्मा ने बताया कि शाला के वरिष्ठ अध्यापक बालकिशन के सानिध्य में बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न हुआ जिसमें शालाध्यापक रंजना चौधरी, कमला गुर्जर व महेंद्र मुंडेल द्वारा सहयोग किया गया। शाला के विद्यार्थियों द्वारा बाद में संत शिरोमणि लिखमीदासजी महाराज स्मारक का अवलोकन कर दर्शन किए। उन्होंने समाज सुधारक में लोक देवता के रूप में उनके जीवन चरित्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा नागौर के सचिव राधाकशन तंवर, कृपाराम गहलोत व मोहन सिंह भाटी भी मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने नागौर के सांखला फिल्म सिटी का भी अवलोकन किया तथा वहां प्रतिकृति के रूप में बने अमेरिका के व्हाइट हाउस, पेरिस के एपिल टावर के साथ-साथ विभिन्न बर्फीले, रेगिस्तान दृश्य के साथ-साथ राजस्थान में ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विकसित बावड़ियों की कृत्रिम संरचना का भी अवलोकन किया तथा रोमांचित हुए।





## आत्मा योजना अंतर्गत 5 दिवसीय अंतरा राज्यीय कृषक दल भ्रमण के लिए हुआ रवाना



**चमकता राजस्थान/भागीरथसिंह/ शेखावत/डीडवाना-कुचामन।** आत्मा योजना के अंतर्गत 5 दिवसीय अंतरा राज्यीय भ्रमण के लिए महिला एवं पुरुष कृषकों के दो दल शनिवार को रवाना हुए। कृषकों के दल को पूर्व मकराना विधायक रूपाराम मुरावतिया, जिला कलक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत एवं संयुक्त निदेशक कृषि हरिओम सिंह राणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । संयुक्त निदेशक कृषि हरिओम सिंह ने बताया कि भ्रमण के दौरान कृषकों को अन्य जिलों में अपनाई जा रही उन्नत कृषि पद्धतियों, नवीन तकनीकों, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, सफल कृषक मॉडलों एवं कृषि से जुड़े विभिन्न संस्थानों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे अध्ययन भ्रमण कार्यक्रमों से किसानों को नई जानकारियाँ प्राप्त होती हैं, जिससे वे अपने खेतों में नवाचार अपनाकर उत्पादन एवं आय में वृद्धि कर सकते हैं।

## ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट मदर & चाइल्ड संस्थाझ्रबहरोड़ ने युवा दिवस मनाया



**चमकता राजस्थान/राजेश कुमार वर्मा/बहरोड़।** ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट मदर & चाइल्ड संस्थाझ्रबहरोड़ के द्वारा परनोड रिकार्ड इंडिया फाउंडेशनझ्र कारोड़ा के वित्तीय सहयोग से आज ममता एच आई एम सी संस्था के कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जिसमें युवा महिलाओं ने बढ़ चढ़कर के भाग लिया।

जिसमें रोजगार मेले का भी आयोजन किया गया ।

जिसमें विभिन्न गतिविधियों के द्वारा युवा महिलाओं को रोजगार के प्रति जागरुक किया गया।

रोजगार मेले में बर्गर किंग, मुक्ता सिनेमा , एच डी एफ सी बैंक, ग्रीन प्लाई आदि के नियोक्ताओं के द्वारा रोजगार के इच्छुक युवाओ साक्षात्कार लिए ममता HIMC के जिला समन्वय अधिकारी अक्षय रामनारायण ने बताया कि संस्था द्वारा इस प्रकार के रोजगार मेलो का आयोजन करने का उद्देश्य के साथ जरूरतमंद लाभार्थियों को रोजगार के प्रति जागरुक करना और उन्हें एक छत के नीचे उनको विभिन्न नियोक्ताओं के द्वारा रोजगार का अवसर प्रदान करवाना

- **उपस्थित गणमान्य व्यक्ति -**

पी आर आई फाउंडेशन से मोनिका जी, स्मृति जी, अनंतिका जी एवं ममता संस्था से क्षेत्रीय अधिकारी रोहित पांडे जी, कार्यक्रम अधिकारी अरुंधति शर्मा जी एवं समस्त ममता स्टाफ

## रिलायंस रिटेल का नेटवर्क 20 हजार स्टोर्स के करीब, 50 करोड़ से ज्यादा ट्रांजैक्शन

चमकता राजस्थान

- **Q3 में 431 नए स्टोर जुड़े, कुल संख्या 19,979 तक पहुंची**
- **37 करोड़ 8 लाख ग्राहकों के साथ देश के सबसे बड़े रिटेल नेटवर्क में शामिल**
- **जियोमार्ट पर दैनिक ऑर्डर्स 16 लाख पहुंचे**

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के रिटेल कारोबार ने ऋ2025-26 की तीसरी तिमाही (द3) में अपना दायरा और मजबूती से बढ़ाया है। तिमाही के दौरान 431 नए स्टोर जुड़ने के साथ रिलायंस रिटेल के स्टोर्स की कुल संख्या 19,979 हो गई है, जो करीब 20 हजार के आंकड़े के बेहद करीब है।

जियोमार्ट ने भी इस तिमाही रफ्तार पकड़ी। दैनिक ऑर्डर्स 16 लाख के स्तर को पार कर गए। औसत दैनिक ऑर्डर्स में तिमाही-दर-तिमाही 53% और सालाना आधार पर 360% से अधिक की तेज बढ़त दर्ज की गई, जिससे जियोमार्ट हाइपर-लोकल कॉमर्स में सबसे तेजी से बढ़ने वाले प्लेटफॉर्म्स में शामिल हो गया है।

इस तिमाही में रिलायंस रिटेल के कारोबार में लेनदेन की संख्या 50 करोड़ से अधिक रही, जो सालाना आधार पर 47.6% की दमदार बढ़त को दर्शाती है। वहीं, कंपनी का रजिस्टर्ड कस्टमर बेस बढ़कर 37 करोड़ 8 लाख तक पहुंच गया है।

तीसरी तिमाही में रिलायंस रिटेल का राजस्व 97,605 करोड़ रहा, जो सालाना आधार पर 8.1% अधिक है। EBITDA 6,915 करोड़ दर्ज किया गया, जबकि EBITDA मार्जिन 8.0% रहा। तिमाही के दौरान कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स बिज़नेस का डीमर्जर भी लागू हुआ, जिससे कारोबार को अलग पहचान और फोकस्ड ऑर्गनाइजेशनल स्ट्रक्चर मिला है।

रिजल्ट्स पर टिप्पणी करते हुए रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा एम. अंबानी ने कहा ''रिलायंस रिटेल ने इस तिमाही में दमदार प्रदर्शन करते हुए लाखों ग्राहकों की अलग-अलग शॉपिंग ज़रूरतों को पूरा करने में सफलता प्राप्त की है। ट्रेंड-फोकस्ड प्रोडक्ट्स और सीमलेस ओम्नी-चैनल एक्सपीरियंस को प्राथमिकता देकर हम लगातार मज़बूत कस्टमर एंगेजमेंट और लॉयल्टी बना रहे हैं। बदलते कंज़्यूमर ट्रेंड्स के बावजूद हम इनोवेशन और एक्सेलेंस के ज़रिये भारतीय रिटेल को नए सिरे से परिभाषित करने के अपने विज़न पर पूरी मज़बूती से आगे बढ़ रहे हैं।''

## गोवर्धन से कंस वध तक–अहंकार टूटे तो प्रकट होता है कृष्ण तत्व

### पूरणेश्वर धाम में भागवत कथाः गोविंददेव गिरी महाराज ने कहा— शुद्ध भक्ति से ही मिलता है प्रभु सान्निध्य

चमकता राजस्थान

**सोजत सिटी। अजय कुमार जोशी।** मेहंदी नगरी एवं तांबवती की पावन धरती पर स्थित प्राचीन पूरणेश्वर धाम में चल रहे सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के षष्ठम दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और दर्शन का विराट संगम देखने को मिला। कथा वाचन करते हुए अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास मथुरा के उपाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के माध्यम से भक्ति, अहंकार और जीवन दर्शन के गूढ़ रहस्यों को अत्यंत सरल और प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत किया। महाराज ने कहा कि वेदों में भगवान के स्वरूप का स्पष्ट और वैज्ञानिक वर्णन मिलता है। भगवान के छह प्रमुख लक्षणों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने वचनों पर विशेष संयम रखना चाहिए, क्योंकि शब्द ही संस्कार बनते हैं और संस्कार ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं। मनुष्य होने के भी विशिष्ट लक्षण होते हैं, जिन्हें समझे बिना जीवन अधूरा रहता है।

कथा में श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि भगवान की बंशी की ध्वनि सुनते ही गोपियाँ अपने सभी सांसारिक कार्य त्यागकर प्रभु की ओर दौड़ पड़ती थीं। यह भक्ति का वह शुद्ध स्वरूप है, जिसमें न कोई मांग है, न स्वार्थ–केवल पूर्ण समर्पण है।




उन्होंने केसी वध, धोबी वध, कुब्जा उद्धार, चाणूर मर्दन, मुष्टिक एवं मद हाथी वध, कंस वध और कालयवन वध सहित अनेक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। साथ ही उज्जैन में संदीपनी ऋषि के आश्रम में शिक्षा, सुदामा से निष्काम मित्रता, ऋषि पुत्र का उद्धार, द्वारका नगरी की स्थापना, रुक्मिणी विवाह, शिशुपाल वध तथा उद्धव के ब्रज गमन जैसे प्रसंगों के माध्यम से महाराज ने बताया कि श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला अहंकार के विनाश और प्रेम की स्थापना का संदेश देती है।

महाराज ने गोपियों को ''महाभागी'' बताते हुए कहा कि सच्चा भाग्यशाली वही है जो गंगा स्नान करता है, प्रभु नाम की माला जपता है, सत्संग करता है और भगवान की भक्ति में जीवन को समर्पित करता है। उन्होंने कहा कि संत समागम और भागवत कथा दुर्लभ होती है, जबकि आज का मनुष्य भौतिक चकाचौंध में उलझकर आत्मिक शांति से दूर होता जा रहा है। यह व्याकुलता तब समाप्त होती है, जब चित्त शांत होकर कृष्ण की ओर प्रवाहित होता है।

रास लीला पर प्रकाश डालते हुए महाराज ने कहा कि अहंकार आते ही भगवान अंतर्ध्यान हो जाते हैं, क्योंकि भगवान पापी और क्रोधी को तो तार देते हैं, लेकिन अहंकारी को नहीं। रास समाधि को उन्होंने आध्यात्मिक विज्ञान की संज्ञा दी।

संत तुकाराम, कबीर, महर्षि रमण, चैतन्य महाप्रभु, मीरा तथा पंढरपुर के वारकरियों के उदाहरण देते हुए महाराज ने कहा कि शुद्ध भक्ति मंत्रों की नहीं, प्रभु के सखा बनने की भक्ति है–जहाँ मांग नहीं, केवल मिलन की लालसा होती है।

कथा के दौरान राधाकृष्ण महाराज द्वारा प्रस्तुत भजन ''मोहन आओ तो सही'' ने वातावरण को भाव-विभोर कर दिया।

कथा आयोजनकर्ता वचनाराम राठौड़ एवं उनके पुत्र महेन्द्र राठौड़ ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण दवे, सुनील भंडारी, मुकेश ओझा, हरगोविंद अवस्थी, प्रफुल्ल ओझा, नैनाराम, मदन पेवार, बाबूलाल, जुगलकिशोर, ओमप्रकाश, राकेश, नरपत, तरुण, सुरेश, सुजाराम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। रविवार को कथा की पूर्णाहुति होगी, जिसमें रमण रेती के महाराज शरणानंद जी, योग गुरु बाबा रामदेव सहित अनेक संतों के सान्निध्य में आयोजन सम्पन्न होगा। धर्म, भक्ति और आस्था की त्रिवेणी सोजत नगरी में यह भागवत कथा श्रद्धालुओं के लिए आत्मिक शांति, वैराग्य और आध्यात्मिक जागरण का दिव्य माध्यम बन रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा और ज्ञान बिना हर इंसान अधूरा- हाफ़िज़ इरफ़ान



**चमकता राजस्थान/सहसवान/बदायूं।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाफिज इरफान ने सहसवान तहसील के जौनैरा गांव में अपनी टीम के साथ पहुंचकर देश और समाज की जागृति के लिए शैक्षिक जागरूकता अभियान की श्रृंखला के तहत एक प्रवचन दिया। उन्होंने गांव के युवाओं और बुजुर्गों को समझाया कि शिक्षा किसी भी व्यक्ति के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज है। ज्ञान के बिना, कोई भी व्यक्ति अच्छे और बुरे में अंतर नहीं कर सकता है। ज्ञान बिना हर इंसान अधूरा है,अगर ज्ञान है, तो हम एक अच्छे समाज में रह सकते हैं और अच्छे और बुरे को ठीक से पहचान सकते हैं। प्यारे रिश्तेदारों, दोस्तों के साथ और व्यापार और अन्य धार्मिक और दुनियावी मामलों के सभी मामलों में अच्छे व्यवहार के लिए शिक्षा की आवश्यकता है। हाफिज इरफान ने कहा कि इसलिए, आप सभी को इस संबंध में एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए और अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलानी चाहिए, अपने बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाना चाहिए और सभी प्रकार की अच्छी शिक्षा दिलाने का प्रयास करते रहना चाहिए ताकि हमारे बच्चे हर समय देश और राष्ट्र के विकास के लिए अपने प्रयास जारी रख सकें।

बैठक में हाफ़िज़ि रहमत साहब नदीम सर हाफ़िज़ि मुशाहिद साहब क़ारी मुख़ातिब साहब ने भी अपने विचारों से अवगत कराते हुए शिक्षा के महत्व को समझाया।

इस से पूर्व हाफ़िज़ि इरफ़ान ने अपनी टीम के साथ गांव में भ्रमण कर शिक्षा के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया।

इस मौक़े पर हाफ़िज़ि शाहिद हाफ़िज़ि मुसव्विर साहब मुकर्रम अंसारी अजमल अंसारी शाकिर प्रधान रईस अहमद निहाल मुहम्मद अली डीलर ज़ाकिर भूरे शेर मुहम्मद आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

### जुआ खेलते हुये 7 व्यक्ति गिरफ्तार व 5 हजार 890 रूपये जब्त



**चमकता राजस्थान/ कमल साहू/ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशानुसार भूपेन्द्र शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला ब्यावर व राजेश कसाणा पुलिस उप अधीक्षक ब्यावर के निर्देशन में गजराज पुलिस निरीक्षक थाना ब्यावर सदर के नेतृत्व में स्पेशल व लॉकल एक्ट की कार्यवाही हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा लगातार प्रयासरत व आसुचना सकलन कर गांव फतेहगढ़ सल्ला मे सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 7 व्यक्तियो को गिरफतार कर कुल 5890 रूपये जब्त किये गये. जिसमे प्रकरण 22/2026 व 23/2026 धारा 13 आरपीजीओ एक्ट व 112 बीएनएस मे प्रकरण दर्ज किया गया।

टीम द्वारा की गयी कार्यवाही पुलिस थाना ब्यावर सदर टीम द्वारा लगातार प्रयासरत व आसुचना संकलन कर मुखबीर खास की ईतला पर गांव फतेहगढ सल्ला मे सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 7 व्यक्तियो को मोके से गिरफतार कर कुल 5890 रूपये जब्त किया गया।

पुलिस टीम मे गजराज पुलिस निरीक्षक, पुलिस थाना ब्यावर सदर जिला ब्यावर। चेलाराम स.उ.नि./ रामनिवास हैडकानि. प्रदीप धर्माराम बिशनाराम ओमप्रकाश पुलिस थाना ब्यावर सदर जिला ब्यावर का सहयोग रहा

पुलिस द्वारा हुसैनखा पुत्र निजामखान जाति पठान मुसलमान उम्र 42 साल निवासी फतेहगढ सल्ला पुलिस थाना ब्यावर सदर जबरूदीन पुत्र रहीमा जाति शेख मुसलमान उम्र 45 साल निवासी रूपनगर पुलिस थाना ब्यावर सदर रेहमतखा पुत्र भवरूदीन काठात जातित मेहरात उम्र 40 साल निवासी फतेहगढ सल्ला पुलिस थाना ब्यावर सदर शकील अहमद पुत्र करीमा जाति मेहरात उम्र 35 साल निवासी फतेहगढ सल्ला पुलिस थाना ब्यावर सदर रजाक मोहम्मद पुत्र मिठू खान उम्र 55 साल जाति मेहरात निवासी रूपनगर पुलिस थाना ब्यावर सदर जिला ब्यावर मुस्ताक खान पुत्र नसीबा उम्र 60 साल जाति पठान निवासी फतेहगढ़ सल्ला पुलिस थाना ब्यावर सदर जिला ब्यावर मोहम्मद सलीम खान पुत्र लाल मोहम्मद उम्र 54 साल जाति मेहरात निवासी फतेहगढ़ सल्ला पुलिस थाना ब्यावर सदर जिला ब्यावर को गिरफ्तार किया।

### इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने 160 कंबल चिकित्सा संस्थान हेतु वितरित किए



**चमकता राजस्थान/बूँदी।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बूंदी आमजन के हित के लिए सदैव प्रयास रत रहती है ।इसी प्रयास के तहत आज रेडक्रॉस भवन बूंदी में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों जिनमें मुख्य रूप जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मीणा को जिला अस्पताल बूंदी के मरीजों को सर्दी से बचाव के लिए 60 कंबल वितरित किए गए ।इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अशोक विजय, कार्यकारिणी सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक, ओम प्रकाश जैन, त्रिलोक चंद जैन, द्वारका बिरला, ध्रुव व्यास, अशोक उपाध्याय, के सी वर्मा की उपस्थिति में किए ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बूंदी के अधीनस्थ चिकित्सा संस्थानों में वितरित करने हेतु 100 कंबल चिकित्सा विभाग के प्रतिनिधि सत्यवान शर्मा सांख्यिकी अधिकारी एवं स्टोर इंचार्ज नरेश शर्मा,दीपक गौतम को संभालये ।इस अवसर पर श्री विजय ने बताया की इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी आमजन को चिकित्सा संस्थानों में इलाज के दौरान शीत लहर से सुरक्षा की इंतेजामात हेतु कंबल वितरण कर रही है जिसके द्वारा 160 कंबलों को विभाग के अधिकारियों के द्वारा संबंधित जनता क्लिनिक,जेल डिस्पेंसरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में वितरित किया जाएगा ताकि कोई भी मरीज या उनके परिजन जब इलाज के दौरान वहां ओपीडी में और आईपीडी में आते हैं तो उनको सर्दी से राहत मिल सके। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम पारीक ने किया।

# सांसद दुष्यन्त सिंह की आशीर्वाद पद यात्रा का तीसरा दिन

चमकता राजस्थान



**उन्हेल नागेश्वर/गोवर्धन सिंह। चौमहला।** सांसद दुष्यंत सिंह की जन आशीर्वाद पदयात्रा का तीसरा दिन क्षेत्र की ग्रामीण जनता के लिए सौगातों से भरा हुआ रहा। सांसद सिंह ने क्षेत्र की ग्रामीण जनता की विभिन्न मांगों पर समयबद्ध तरीके से कार्रवाई के अधिकारियों को निर्देश दिए। यात्रा के दौरान बीच-बीच में उत्साहित कार्यकर्ता डीजे के संगीत पर नृत्य करते हुए भी नज़र आए।

ग्राम सुनारी से निकलते हुए सांसद को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने रोककर अपनी समस्याएं बताईं। विद्यार्थियों ने शिक्षकों की कमी दूर करने और विद्यालय की संपर्क सड़क का निर्माण पूर्ण करने की मांग रखी।

सांसद ने उन्हें समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन देते हुए छात्राओं से भविष्य के सपनों पर सवाल पूछे। किसी बालिकाओं ने पुलिस, सेना, चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में जाने की बात कही। अधिकांश बालिकाओं ने टीचर बनने की इच्छा जाहिर की तो दुष्यंत ने इसका कारण पूछा। बालिकाओं ने जवाब दिया की हमारे यहाँ शिक्षकों की कमी है। इस पर सांसद ने कहा कि यह बेहद गंभीर विषय है। वह शिक्षकों की कमी दूर करने के प्रयास करेंगे।

सांसद ने बरखेड़ा के पास एकत्रित महिलाओं के समूह से यात्री प्रतीक्षालय के बाहर बैठकर सहज भाव से बातचीत शुरू की। महिलाओं ने उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र शुरू करने, श्मशान के लिए भूमि आवंटित करने और विद्यालय भवन के जीर्णोद्धार की मांगों से अवगत कराया। इस पर सांसद सिंह ने एसडीएम और विकास अधिकारी को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। महिलाओं ने सांसद की सकारात्मक प्रतिक्रिया से प्रसन्न होकर मंगल गीत गाए, जिन्हें उन्होंने बड़ी तन्मयता के साथ सुना। इसी दौरान अपने परिजन के साथ स्वागत करने आए एक बच्चे को सांसद ने अपनी गोद में उठा लिया और कहा यह भारत का भविष्य है। हमें इनके स्वर्णिम जीवन की रूपरेखा तैयार करने की ज़रूरत है। यात्रा मार्ग के अधिकांश गांवों में पेयजल संकट की शिकायतें सामने आईं, जिस पर उन्होंने पीएचईडी के अधिकारियों को 15 दिनों में समाधान के निर्देश प्रदान किए।

**दिव्यांग जनों को मिलेगी सहायताः** पद यात्रा के दौरान दिव्यांगता से जुड़े हुए कुछ मामले सामने आए। इनको लेकर सांसद सिंह ने सीएमएचओ डॉ साजिद ख़ान को नियमानुसार सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। डॉ साजिद ने बताया कि पंवार खेड़ी की नन्ही बालिका के मुड़े हुए पैरों का ऑपरेशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कराया जाएगा। इसी प्रकार दिव्यांग बालिका कृष्णा एवं बालक शिवलाल को पेंशन का लाभ दिलाया जाएगा। ट्रेन से गिरकर अपने हाथ पांव गवां बैठे युवक तूफ़ान सिंह को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करवाकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिलवाया जाएगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में नशा मुक्ति पर विशेष फोकस, स्वच्छता व खेल गतिविधियां संपन्न

चमकता राजस्थान



**धौलपुर रामदास तरुण/बाड़ी उपखंड की खबर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं लक्ष्य गीत के सामूहिक गान के साथ हुआ। इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश राम गुर्जर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अपने- अपने समूहों में विभाजित होकर महाविद्यालय परिसर की साफ- सफाई की तथा बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और असंतुलित खान-पान के कारण युवाओं को नियमित व्यायाम की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने प्रातः जल्दी उठकर व्यायाम करने को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया तथा सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए संतुलित और पौष्टिक भोजन करने एवं फास्ट फूड से दूर रहने की सलाह दी। आज के बौद्धिक सत्र का प्रमुख विषय नशा मुक्ति रहा। मुख्य वक्ता युवा चेतन फाउंडेशन धौलपुर के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार रामदास तरुण ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, भविष्य और सामाजिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। साथ ही नशे की लत को किस प्रकार छोड़ा जा सकता है, इस पर व्यवहारिक एवं प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने पिज़्ज़ा, बर्गर, चाउमीन, समोसा एवं अधिक तली- भुनी खाद्य सामग्री से दूर रहने का भी आ''ान किया। व्याख्यान के पश्चात प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों की समझ और जागरूकता का मूल्यांकन किया गया। अपने उद्बोधन में रामदास तरुण ने प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निर्देशन में महाविद्यालय में शिक्षण कार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर अनुशासन एवं उद्देश्यपूर्ण ढंग से संचालित हो रहा हैं। शिविर के अंत में विद्यार्थियों ने भोजन ग्रहण किया तथा टीम भावना एवं सहयोग के साथ श्रमदान किया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार मीणा, आचार्य गुमान सिंह मीणा, आचार्य केशव कुमार यादव, आचार्य अभिषेक परमार, आचार्य ओमप्रकाश गुर्जर, आचार्य नरेंद्र कुमार लवानिया, आचार्य डॉ. कृष्णकांत उपाध्याय, आचार्य डॉ. मनोज कुमार गौतम, आचार्य अभिषेक गौड़, आचार्य डॉ. मोहम्मद बिलाल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश राम गुर्जर की सक्रिय भूमिका रही। शिविर में छात्र-छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी पाक कला का भी सराहनीय प्रदर्शन किया।

## मुख्यमंत्री विश्व कर्मा योजना पंजीयन शिविर सोमवार को डीडवाना कुचामन जिला लाडनूं तहसील में

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के अंतर्गत सोमवार दिनांक 19.01.2026 को पंचायत समिति, लाडनूं में सुबह 10 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिनकी आयु 41 वर्ष से 45 वर्ष के बीच में है उनका रजिस्ट्रेशन किया जाना है जिसके तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3000 रुपए मासिक पेंशन दी जाएगी।

उक्त योजना में रजिस्ट्रेशन हेतु आवशयक दस्तावेज

1 जनाधार कार्ड
2 आधार कार्ड (लाभार्थी एवं नॉमिनी का)
3 बैंक पासबुक
4 ई श्रम कार्ड

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करे
मो. 9511548346

## घुमन्तु समुदाय को योजनाओं से जोड़ने हेतु जिले में विशेष सहायता शिविरों का आयोजन

**दैनिक चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर, घुमन्तु समुदाय के विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु व्यक्तियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की मंशानुसार समुदाय के सभी पात्र व्यक्तियों को ऑनलाइन घुमन्तु पहचान प्रमाण-पत्र जारी कर राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।



जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समस्त पंचायत समितियों एवं नगर परिषद/नगरपालिकाओं में 19 जनवरी से 31 जनवरी तक विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदाय सहायता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सहायता शिविरों में घुमन्तु समुदाय के विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु व्यक्तियों के ऑनलाइन घुमन्तु पहचान प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र एवं मूल निवास प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर स्थलों पर सभी आवेदन ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन करवाने की व्यवस्था रहेगी। शिविरों के सफल आयोजन हेतु संबंधित उपखण्ड अधिकारी को शिविर प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारी तथा शहरी क्षेत्रों में आयुक्त / अधिशासी अधिकारी सहायक प्रभारी अधिकारी होंगे। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी को ग्राम पंचायत मत्सूरा सण्डपुरा बाड़ी, नगरपालिका कार्यालय परिसर बाड़ी, ढोढी का पुरा, पंचायत भवन धौलपुर तथा अटल सेवा केन्द्र करीमपुर सैपऊ में शिविर आयोजित किए जाएंगे। 20 जनवरी को नगर परिषद सभागार धौलपुर, कार्यालय परिसर नगरपालिका राजाखेड़ा एवं अटल सेवा केन्द्र बसईनवाब सैपऊ में शिविर लगाए जाएंगे। 21 जनवरी को नकसौदा ग्राम जम्बूर्रा अड्डा बाड़ी तथा अटल सेवा केन्द्र कैथरी सैपऊ में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 22 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्शनगर धौलपुर, पंचायत समिति सैपऊ एवं नगरपालिका सरमथुरा में शिविर होंगे। 23 जनवरी को नगरपालिका कार्यालय परिसर बाड़ी, पंचायत समिति सभागार धौलपुर, कार्यालय परिसर नगरपालिका राजाखेड़ा तथा नगरपालिका सैपऊ में शिविर आयोजित किए जाएंगे। 27 जनवरी को सनौरा गड़रपुरा बाड़ी में, 28 जनवरी को वरपुरा ग्राम वरपुरा बाड़ी एवं अटल सेवा केन्द्र हरजूपुरा बसेड़ी में शिविर होंगे। 29 जनवरी को नगरपालिका सभागार बसेड़ी में तथा 30 जनवरी को कार्यालय परिसर नगरपालिका राजाखेड़ा एवं नगरपालिका कार्यालय परिसर बाड़ी में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## श्री राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर में 18 से 27 जनवरी तक भव्य धार्मिक आयोजन

दैनिक चमकता राजस्थान,



धौलपुर रामदास तरुण/बाड़ी उपखंड की खबर। श्री राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर, बाड़ी में विनायक सेवा समिति के तत्वावधान में 18 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक द्वितीय भव्य धार्मिक आयोजन आयोजित किया जाएगा। समिति की मीडिया प्रभारी शिवहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि 18 जनवरी को प्रातः 8 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर 600 स्टील के कलश एवं 5 चांदी के कलशों के साथ विशाल व भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा का शुभारंभ बाड़ी उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। यात्रा श्री राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर से प्रारंभ होकर भारद्वाज मार्केट, बसेड़ी बस स्टैंड, सीताराम बाजार, लोहार बाजार, सराफा बाजार एवं पुराना बाजार होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। यात्रा में बैंड-बाजों के साथ माता रानी के भजनों की गूंज रहेगी। समिति के 201 सदस्य ड्रेस कोड में शामिल होंगे, जिसमें पुरुष सदस्य कुर्ता-पजामा तथा महिला सदस्य निर्धारित ड्रेस कोड में रहेंगी। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित रहेंगी। समिति अध्यक्ष मनीष बंसल ने बताया कि 18 से 27 जनवरी तक करौली कैला देवी मंदिर से आए विद्वान आचार्यों द्वारा दुर्गा सप्तचंडी पाठ किया जाएगा। 25 जनवरी को मंदिर को भव्य फूलों से सजाया जाएगा, छप्पन भोग अर्पित होंगे तथा माता रानी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसी दिन सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा देवी जागरण एवं आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति होगी। 26 जनवरी को हवन एवं पूर्णाहुति के साथ सप्तचंडी पाठ का समापन किया जाएगा, जबकि 27 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र उर्फ खन्ना ने बताया कि आयोजन को भव्य स्वरूप देने हेतु सभी सदस्य कई दिनों से तैयारियों में जुटे हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष बंसल, उपाध्यक्ष संजय बंसल, कोषाध्यक्ष पवन गोयल डांग वाले, महामंत्री देवेंद्र गर्ग, नीरज सोनी सहित समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

# टंट्या मामा और आदिवासी समाज से माफी मांगे भाजपा : रवि नाईक

चमकता राजस्थान

- **सीएमओ को निलंबित कर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए नगर पालिका अध्यक्ष की भूमिका की भी जांच हो- झूमा सोलंकी**
- **पूरे मामले में भाजपा के आदिवासी जनप्रतिनिधि क्यों खामोश है- केदार डावर**

खरगोन। टंट्या मामा मूर्ति स्थापना घोटाले में खरगोन नगर पालिका परिषद का भ्रष्टाचार पकड़े जाने पर नगर पालिका द्वारा जांच के नाम पर की जा रही लीपा पोती के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा टंट्या मामा की मूर्ति के सामने धरना प्रदर्शन किया गया इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि नाईक कहा की जननायक आदिवासी क्रांतिकारी टंट्या मामा की मूर्ति स्थापना में किया गया भ्रष्टाचार न सिर्फ टंट्या मामा का अपमान है बल्कि समूचे आदिवासी समाज का अपमान है भाजपा की नगर परिषद होने के नाते भाजपा को टंट्या मामा और आदिवासी समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए। उन्होंने भाजपा की परिषद द्वारा नई मूर्ति लगाने लगाए जाने पर कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी इस पूरे भ्रष्टाचार का पर्दाफाश नहीं करती तो क्या बीजेपी नई मूर्ति लगाती ? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सोच ही आदिवासी विरोधी है इसीलिए वह इस प्रकार के कृत्य करते हैं। इस अवसर पर भीकनगांव विधायक और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष झूमा सोलंकी ने अपने संबोधन में कहा कि जांच के नाम पर लीपापोती की जा रही है छोटे छोटे कर्मचारियों को फंसा कर बड़े जिम्मेदार लोगों को बचाया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से खरगोन नगर पालिका परिषद की सीएमओ को निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए, इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष की भूमिका की भी उच्च स्तरीय जांच हो। यह सीधे-सीधे प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार का मुद्दा है इससे पूरा आदिवासी समाज आहत हुआ है।इस अवसर पर भगवानपुरा विधायक केदार डाबर ने आदिवासी समाज के भाजपा में मौजूद जनप्रति निधियों से पूछा है कि वह इस पर खामोश क्यों है भाजपा के सांसद क्यों मौन है भाजपा की जिला अध्यक्ष जो स्वयं आदिवासी है वह भी क्यों मौन है ? जहां मूर्ति स्थापित की गई वहां के पार्षद भी आदिवासी है वह भी क्यों मौन है। इससे साफ पता चलता है कि भ्रष्टाचार में इनकी भी स्वीकृति है। कांग्रेस पार्टी टंट्या मामा के सम्मान के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। धरना प्रदर्शन को लोकसभा प्रत्याशी पोरवाल खरते ,डॉक्टर गोविंद मुजाल्दे, जिला कांग्रेस महामंत्री राजेंद्र पवार, सरपंच दिनेश मुकाती, गुलाब सिंह, सुभाष पटेल, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सिद्धू वर्मा, प्रिंस पाटीदार, जिला कांग्रेस महासचिव विजय कोचले, संजीव गांगुली ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मंडलोई ने किया। कार्यक्रम के अंत में पंडाल में उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टंट्या मामा से क्षमा मांगते हुए भाजपा की परिषद और भाजपा के नेताओं को सद्बुद्धि देने का आह्वान किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण




**चमकता राजस्थान/कमल साहू/ब्यावर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ब्यावर के निर्देशानुसार अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सं. 3, ब्यावर पंकज सांखला द्वारा 16.जनवरी.2026 की रात्रि में ब्यावर शहर में संचालित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बिदाम देवी बुरड़ धर्मशाला एवं प्राइवेट बस स्टैंड स्थित रैन बसेरों का अवलोकन किया गया।निरीक्षण के दौरान की गई प्रमुख कार्रवाई–व्यवस्थाओं का अवलोकन झ रैन बसेरों में उपलब्ध समस्त व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया।

सुविधाओं की जांच झ वहां ठहरने वाले व्यक्तियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जांच की गई।

निर्देश झ रैन बसेरा प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि रैन बसेरों में बिस्तर, रजाई, कंबल, तकिया, पीने हेतु शुद्ध पानी, स्वच्छ शौचालय तथा पुरुषों एवं महिलाओं के लिए पृथक-पृथक ठहरने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

प्रचार-प्रसार झ रैन बसेरों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।कर्मचारियों की ड्यूटी झ बेसहारा एवं फुटपाथ पर खुले में सोने वाले व्यक्तियों को रैन बसेरों तक पहुंचाने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए।सर्दी से बचाव की व्यवस्था झ रैन बसेरों में सर्दी से बचाव हेतु आवश्यक सामग्री एवं पर्याप्त बिस्तर सेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग हॉल, स्नानघर एवं शौचालय की व्यवस्था उपलब्ध है। साथ ही सर्दी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए गर्म पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। रैन बसेरों में स्थायी विद्युत एवं जल कनेक्शन की समुचित व्यवस्था भी पाई गई।

### सोजत में साकार हुई वारकरी परंपरा, आनंदपुर से पंढरपुर की संत्संग यात्रा की जीवंत प्रस्तुति



**चमकता राजस्थान/सोजत। अजय कुमार जोशी।** महाराष्ट्र की महान वारकरी परंपरा, संत ज्ञानेश्वर महाराज एवं संत तुकाराम महाराज की भक्ति शैली को साकार करती आनंदपुर से पंढरपुर तक की आनंद संत्संग यात्रा का शनिवार को सोजत में भव्य एवं जीवंत मंचन किया गया। महाराष्ट्र के विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं गुरुओं द्वारा प्रस्तुत यह अभिनव प्रस्तुति श्रद्धा, भक्ति और लोकसंस्कृति का अद्भुत संगम बनी।

अभिनव कला मंच के सचिव चेतन व्यास तथा स्थानीय कथा व्यास मुकेश भाई ओझा एवं कौशिक ओझा ने विद्यार्थियों की इस विशिष्ट कला साधना की सराहना करते हुए सोजत क्षेत्रवासियों एवं सामाजिक संस्थाओं की ओर से उन्हें साधुवाद अर्पित किया। उल्लेखनीय है कि यह कला मंडली इन दिनों सोजत में जनआकर्षण का केंद्र बनी हुई है। परंपरागत मराठी वेशभूषा में सजे बाल कलाकारों ने विठ्ठलानंद महाराज के सान्निध्य में, गोविंद गिरी जी महाराज द्वारा व्यासपीठ से प्रवाहित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान विशिष्ट प्रसंगों पर लोकसंगीत की मधुर धुनों के साथ प्रस्तुति दी। वीणा, ढोलक एवं मंजीरों की संगत ने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

शुक्रवार को पाली दरवाजा से समूह पंक्ति में निकली मंडली की प्रस्तुति ने सोजत की धरती पर एक अविस्मरणीय छाप छोड़ी।

कार्यक्रम के यजमान वचनाराम राठौड़, ओमप्रकाश, महेंद्र पूजा राठौड़ सहित सोजत के प्रबुद्धजनों ने कलाकारों की मुक्तकंठ से प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### तीन दिवसीय विशाल निशुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का शनिवार को हुआ समापन




**चमकता राजस्थान/नागौर(प्रदीप कुमार डागा)।** मानवता की सेवा ओर परोपकार की भावना को चरितार्थ करते हुए स्थानीय राजकीय जे एल एन चिकित्सालय में सेवा का एक अनूठा संगम देखने को मिला लायंस क्लब नागौर, स्व रामस्वरूप कचोलिया की स्मृति मे उनके पुत्र हनुमान प्रसाद राधेश्याम कचोलिया, राजकीय चिकित्सालय नागौर एवं जिला अंधता निवारण समिति नागौर के सयुक्त तत्वाधान मे दिनांक 15 जनवरी से 17 जनवरी 2026 शनिवार को तीन दिवसीय विशाल निशुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर में दर्जनों लोगों के जीवन से अंधकार मिटाया गया शनिवार को समापन हुए इस शिविर में सेवा का जज्बा उस समय परवान चढ़ा जब डॉ धर्मेन्द्र डूडी व डॉ देवेंद्र शर्मा विशेषज्ञों की देखेंरेख में 32 मरीजों के मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन के साथ सम्पन्न हुआ।

इस शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष लायन पूर्णिमा कात्याल व चिकित्सा समिति के अध्यक्ष लायन मनोज कचोलिया ने जानकारी देते हुवे बताया कि इस शिविर का प्राथमिक उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचना था क्लब के सचिव लायन राजेश रावल व कोषाध्यक्ष लायन अमर चंद गहलोत ने बताया कि इस शिविर में 108 रोगियों की आंखों की गहन जांच राजकीय जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय में ओटो रिपलेक्टर मशीन द्वारा की गई सभी मरीजों की जांच कर 32 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित कर शुक्रवार को बिना टांके लेंस प्रत्यारोपित किये गये

---

समरसता सहभोज का होगा आयोजन

# नागौर की चार बस्तियों में आयोजन आज

चमकता राजस्थान




**नागौर(प्रदीप कुमार डागा)** । राष्ट्रीय व्यापी हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम की श्रृंखला की दृष्टि से प्रथम चरण के हिंदू सम्मेलन आज होंगे। इसमें नागौर नगर की चार बस्तियों शारदापुरम्, महालक्ष्मी, ताऊसर व प्रताप बस्ती में यह आयोजन होंगे। इसी प्रकार नागौर जिले में 23 मंडल में यह कार्यक्रम होंगे। इसमें खींवसर मंडल में भेड़, बिरलोका, करणू व डेहरु व नागौर ग्रामीण में गोगेलाव, अलाय, झाड़ीसरा, अमरपुरा व मकोड़ी मंडल के कार्यक्रम होंगे जबकि जायल खंड में रोटू, छाजोली रोल, झाड़ेली व जालनियासर तथा सांजू में सांजू, छोटी खाटू, जाखेड़ा व खुड़ी में यह कार्यक्रम होंगे। गोगेलाव मंडल का कार्यक्रम सिंगड़ में आयोजित होगा। सभी हिंदू सम्मेलनों में देशभक्ति, धार्मिक भाव से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। सम्मेलन के पश्चात एक संगत एक पंगत भाव को लेकर सभी जाति वर्ग के श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक समरसता प्रसाद ग्रहण किया जाएगा। एक सप्ताह भर चले भाव जागरण कार्यक्रम हुए संपर्क अभियान में घर-घर से एकत्र एक मुट्ठी अन्न द्वारा बनाया गया यह प्रसाद लापसी या हलवे के रूप में होगा। तीनों ही बस्तियों की आयोजन समिति द्वारा यह संकल्प लिया गया है कि कार्यक्रम में आए सभी बन्धुओं को एक जाजम पर बैठाकर भोजन प्रसाद के रूप में राम भोग करवाया जाएगा।

द्वितीय चरण के आयोजन की तैयारियां प्रारंभ

- **बालसमंद बस्ती में आयोजन समिति का गठन**

द्वितीय चरण के विराट हिंदू सम्मेलन के निमित्त बालसमंद बस्ती में बैठक रखी गई । बैठक में इस कड़ी में समिति के गठन के रूप में कार्य प्रारंभ किया गया। समिति के गठन और संबोधन के लिए मनीष शर्मा मुख्य वक्ता रहे जिन्होंने संगत से पंगत के परिपेक्षय को तथा पंच परिवर्तन के विचार के बारे में समिति को जानकारी दी।

## भामाशाह की अनूठी पहलः सोजत में बना 6 मंज़िला चिड़िया घर, सैकड़ों पक्षियों को मिलेगा सुरक्षित आश्रय

चमकता राजस्थान

**सोजत सिटी। अजय कुमार जोशी।** सोजत शहर में धर्म, करुणा और पर्यावरण संरक्षण का एक प्रेरणादायी संगम देखने को मिला, जब प्राचीन आस्था के केंद्र मां जगदम्बा जोगमाया पंचोल नाड़ी मंदिर के सामने भामाशाह परिवार की ओर से एक भव्य छह मंज़िला चिड़िया घर का निर्माण करवाया गया। यह चिड़िया घर स्वर्गीय तारा देवी पंवार की पुण्य स्मृति में भामाशाह चम्पालाल व पुसाराम पुत्र भाणाराम द्वारा निर्मित कराया गया है।

यह बहुमंज़िला चिड़िया घर हर मौसम में सैकड़ों पक्षियों के सुरक्षित निवास के लिए तैयार किया गया है। इसमें पक्षियों के लिए दाना-पानी, छाया, हवा और प्राकृतिक वातावरण का विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे गर्मी, सर्दी और बरसात–तीनों ऋतुओं में पक्षी सहज और सुरक्षित रह सकें।

» वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ शुभारंभ–

नवनिर्मित चिड़िया घर का शुभारंभ पंडित पांचाराम जोशी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी महाराज ने पूजा-अर्चना कर इस पुण्य कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। गोविंद देव गिरी महाराज ने इसे जीवदया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय पहल बताया।

» पक्षी संरक्षण का सशक्त संदेश–

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में जब पेड़ों की कटाई और शहरीकरण से पक्षियों का प्राकृतिक आवास लगातार सिमट रहा है, ऐसे में चिड़िया घर जैसे प्रयास मौन जीवों के लिए जीवनदान साबित हो रहे हैं। यह निर्माण आने वाली पीढ़ियों को जीवों के प्रति संवेदनशीलता और सह-अस्तित्व का संदेश देगा।

» गणमान्यजनों की रही गरिमामयी उपस्थिति–

इस अवसर पर समाज के कई गणमान्यजन उपस्थित रहे, जिनमें भोपाजी गणपतलाल निकुंम, नेनाराम निकुंम, मदन पंवार, बाबुलाल पंवार, जुगल किशोर निकुंम, गणपतलाल राठौड़, जवरीलाल पंवार, सुरेश, राणाराम, मीठालाल, प्रकाश, चम्पालाल सहित समाज के चौधरीगण एवं प्रबुद्धजन शामिल थे। बाहर से पधारे भामाशाहों का साफा व उपरणा ओढ़ाकर बहुमान किया गया।

» सेवा, स्मृति और संवेदना का प्रतीक

यह चिड़िया घर न केवल स्वर्गीय तारा देवी पंवार की स्मृति को चिरस्थायी बनाएगा, बल्कि सोजत शहर को पक्षी प्रेम और जीवदया की पहचान भी दिलाएगा। यह पहल समाज के अन्य लोगों को भी ऐसे जनहित व पर्यावरण हितैषी कार्यों के लिए प्रेरित करेगी।

## धूमधाम से मनाया भाजपा जिला अध्यक्ष महंत भारती का जन्मदिन

चमकता राजस्थान



राजेश यादव/जयपुर। भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती के जन्मदिन पर केंद्रीय मंत्री ठाकुर पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्मा व नीना वर्मा समेत अनेक भाजपा नेता शामिल हुए

धार । भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष पद पर महंत निलेश भारती के 16 जनवरी को एक वर्ष पूर्ण होने व जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया।

इस दौरान कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा जिले की विधायक श्रीमती नीना वर्मा पूर्व सांसद छतर सिंह दरबार समेत हजारों की संख्या में लोगों ने शामिल होकर बधाई दी।

भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती जन्मदिन 16 जनवरी को सुबह 8 बजे रुद्राभिषेक सोमनाथ मठ सागौर में किया सुबह 10 बजे रक्तदान शिविर सागौर में शामिल हुए वहा से लक्ष्मी गौशाला जेतपुरा धार में गौ माता का पूजन कर तिल गुड़ खिलाया दोपहर 1 बजे श्रद्धालय वृद्धाश्रम धार में वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया दोपहर 2 बजे दीनदयाल रसोई केंद्र पहुंचकर भोजन सेवा में सहयोग किया तथा दोपहर 2 से 4 बजे तक भाजपा जिला कार्यालय धार में कार्यकर्ता द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया था जिसमे शामिल हुए । भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि जिला कार्यालय पर जिले के सभी 18 मंडल अध्यक्षों व मंडल पदाधिकारी जिले के पदाधिकारी जिले के जनप्रतिनिधि गाना महिला मोर्चा की मातृशक्ति पिछड़ा वर्ग मोर्चा अनुसूचित जाति मोर्चा सहित जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने और राकेश पटेल कोषाध्यक्ष मोहित तातेड़ ने जिला अध्यक्ष महंत भारती को साफा पहनाकर पुष्पमाला से स्वागत किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# अब यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर का करेंगे विकास : डॉ. मोहन यादव

भोपाल। एजेंसी



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने भोपाल गैस त्रासदी के बाद पड़े रासायनिक कचरे का सफलतापूर्वक निष्पादन कर दिया है। अब फैक्ट्री परिसर के समुचित विकास के लिए कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को भोपाल के आरिफ नगर स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अधिकारियों से इस परिसर में स्मारक निर्माण के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक कुमार सिंह, आयुक्त जनसम्पर्क दीपक कुमार सक्सेना, संचालक गैस राहत स्वतंत्र कुमार सिंह, निगमायुक्त संस्कृति जैन और गैस त्रासदी राहत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 और 3 दिसम्बर 1984 की दरमियानी रात भोपाल में मिथाइल आइसोसायनाइट (एमआईसी) गैस का रिसाव एक भीषण दुर्घटना थी। घटना में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए। करीब 40 साल तक रासायनिक कचरा यहां पड़ा रहा। हमारी सरकार ने माननीय उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में बिना किसी पर्यावरण नुकसान और मानव हानि के यहां के रासायनिक कचरे का सफलतापूर्वक निष्पादन करवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब हम समाज के सभी वर्गों एवं प्रभावित पक्षों को विश्वास में लेकर यूनियन कार्बाइड परिसर का विकास करेंगे और माननीय उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में अब स्वच्छ हो चुके इस परिसर में भोपाल गैस त्रासदी में दिवंगत व्यक्तियों की स्मृति में एक स्मारक' बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी गैस पीड़ितों के साथ हर कदम पर खड़ी है। प्रभावितों के कल्याण में हम कोई कमी नहीं रखेंगे।

फैक्ट्री परिसर के समुचित विकास के लिए करेंगे सभी जरूरी प्रबंध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड फैक्ट्री परिसर में पड़े रासायनिक कचरे का माननीय उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में समुचित निष्पादन किया जा चुका है। अब हम भोपाल मेट्रोपोलिटन एरिया के निर्माण के साथ इस परिसर के भी समुचित विकास के लिए सभी जरूरी प्रबंध कर रहे हैं।

### कांस्टेबल निलंबित

हरिद्वार। जनपद के रूड़की कोर्ट से दोषी करार दिए जाने के बाद पुलिस को चकमा देकर फरार हुए आरोपित के मामले में एसएसपी ने कड़ा रूख अपनाते हुए कोर्ट मोहर्रिर महिला कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। कोर्ट मोहर्रिर की ओर से कोतवाली गंगनहर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस मामले में एसएसपी ने कड़ा रूख अपनाते हुए कोर्ट मोहर्रिर महिला कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। साथ ही मामले की जांच एड़ एसपी, सीओ रूड़की को सौंपी है, जो एक सप्ताह में रिपोर्ट देगी। गौरतबल है कि आरोपित को रूड़की कोर्ट ने एक मामले में एक साल की सजा सुनायी थी। सजा सुनाने के बाद दोषी को पुलिस सुरक्षा में दिया गया। शुक्रवार की देर सायं दोषी कोर्ट मोहर्रिर की हिरासत से फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। न्यायिक सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए। उल्लेखनीय है कि पिरान कलियर थाना क्षेत्र के रहमतपुर गांव निवासी नीरज गोस्वामी पुत्र महेश गोस्वामी परिवाद संख्या 2706/2023 धारा 138 एनआई एक्ट में 16 जनवरी को पेशी पर न्यायालय में मौजूद था।

पूर्व सांसद की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी

## उमाशंकर सिंह ने सांसद एवं विधायक के रूप में क्षेत्र का किया विकास

झारखंड दर्शन संवाददाता




**सीवान।** महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय के अनुग्रह नारायण सिंह उमाशंकर सिंह महिला महाविद्यालय के प्रांगण में महाराजगंज के पूर्व सांसद स्वर्गीय उमाशंकर सिंह की 86 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जयंती समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के संस्थापक सदस्य खोबारी सिंह ने की। जबकि मंच का संचालन उमाशंकर प्रसाद हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय उमाशंकर बाबू के चित्र पर पुष्पमाला चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने स्वर्गीय उमाशंकर बाबू को समाजवाद का पुरोधा एवं सहकारिता का स्तंभ बताते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि उमाशंकर बाबू ने हमेशा ही आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कार्य किया। विधायक एवं सांसद के रूप में उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य किया। उनका महान व्यक्तित्व था। उन्होंने अपना जीवन लोगों की सेवा में अर्पित कर दिया। वे शिक्षा जगत के मालवीय के रूप में भी जाने जाते हैं। महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय में महिला कॉलेज की स्थापना कर उन्होंने बच्चियों के लिए सुरक्षित शिक्षा की व्यवस्था की, वही दारौंदा प्रखंड के जलालपुर में उमाशंकर सिंह महाविद्यालय की स्थापना कर बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने का कार्य किया। वक्ताओं में वीरेंद्र सिंह पूर्व मुखिया, रमेश उपाध्याय, शशि भूषण श्रीवास्तव, इंजीनियर प्रमोद रंजन, सुप्रिया कुमारी, पूर्व प्रमुख इम्तियाज अहमद सुभाष सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

इसके पूर्व महिला महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार वर्मा द्वारा आगंतुक लोगों को अंग वस्त्र एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। जयंती समारोह में उमाशंकर सिंह को चाहने वाले सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### अंतरजनपदीय दो शातिर चोर गिरफ्तार, गोली लगी

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना टूण्डला पुलिस टीम ने शनिवार को मुठभेड़ में लूट, चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले जनपद एटा के दो अंतरजनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल दोनों अभियुक्तों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रवि शंकर प्रसाद ने शनिवार को बताया कि थाना प्रभारी टूंडला अनिल कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ शनिवार को क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि निहाल सिंह की पुलिया बाईपास के पास एक बिना नम्बर प्लेट ऑटो खड़ा है, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति हैं। यह लोग चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देनें की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो संदिग्ध युवकों ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्रवाई में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी। दोनों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से दो अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, 10,020 रुपये व एक ऑटो (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुआ हैं। घायल अभियुक्तों की पहचान जनपद एटा निवासी रवि उर्फ रविया और किताब सिंह के रुप में हुई है।

### अवैध कब्जे से मुक्त हुई जमीन पर बनाया जाय ओपन जिम : सुरेश खन्ना

लखनऊ। एजेंसी



उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना शनिवार को दोबारा डायमंड डेरी कॉलोनी में सफाई व्यवस्था एवं दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की स्थिति परखने हेतु अचानक पहुंचे। उन्होंने शुक्रवार को जोन एक के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने हेतु प्रातः 7:00 बजे औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों एवं लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगायी थी।

प्रभारी मंत्री शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लेने के लिए शनिवार को पुनः डायमंड डेरी कॉलोनी पहुंचे और वहां की जमीनी हकीकत को जाना। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया की सफाई कार्य जारी था तथा काफी हद तक सफाई करा दी गई है और अवैध कब्जे को नगर निगम द्वारा हटा दिया गया है। सुरेश कुमार खन्ना ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि अवैध कब्जे से मुक्त कराए गए स्थान पर ओपन जिम बनवाई जाए ।

इसके साथ ही जाली के माध्यम से इसकी बैरिकेटिंग भी कराई जाए। उन्होंने कहा कि 20 दिन बाद संबंधित स्थान का पुनः निरीक्षण किया जाएगा। स्वच्छता संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यों में विशेष रुचि लेकर अधिकारी कार्य करें, मॉनिटरिंग से परिणाम बेहतर होते हैं। संबंधित अधिकारी लगातार अपने क्षेत्र में स्थलीय निरीक्षण करें और सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित कराएं।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 से पहले बोले जोकोविच 'मैं अब भी किसी को भी हरा सकता हूं'



**मेलबर्न।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने शनिवार को कहा कि पैरों में थोड़ी कमी के बावजूद वह ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का खिताब जीतने की चुनौती पेश करने को लेकर पूरी तरह आत्मविश्वासी हैं। 38 वर्षीय जोकोविच का मानना है कि अगर सब कुछ उनके पक्ष में रहा तो वह अब भी किसी भी खिलाड़ी को हराने में सक्षम हैं। जोकोविच रिकॉर्ड बढ़ाते हुए 11वां ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब और ऐतिहासिक 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने की कोशिश में हैं। ऐसा करने पर वह ऑस्ट्रेलिया की मार्गरेट कोर्ट को पीछे छोड़ देंगे। हालांकि मौजूदा समय में विश्व नंबर-1 यैनिक सिनर और कार्लोस अल्कराज कड़े चुनौतीकर्ता बने हुए हैं, जिन्होंने हाल के वर्षों में ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में दबदबा बनाया है। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज जोकोविच ने पिछले साल चारों ग्रैंड स्लैम में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।

### प्रो रेसलिंग लीग : हरियाणा थंडर्स ने पंजाब रॉयल्स को 7-2 से हराकर की शानदार शुरुआत



**नोएडा।** हरियाणा थंडर्स ने प्रो रेसलिंग लीग 2026 में अपने पहले मुकाबले में दमदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब रॉयल्स को 7-2 से करारी शिकस्त दी। शुक्रवार देर रात खेले गए इस मुकाबले में हरियाणा ने शुरुआती बढ़त बनाकर अंत तक दबदबा बनाए रखा। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच रहीं नेहा सांगवान ने 57 किग्रा महिला वर्ग में पंजाब की कप्तान रोक्साना जासीना को 8-0 से मात देकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन और एशियन चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता प्रिया मलिक को 76 किग्रा महिला वर्ग में जुझारू प्रदर्शन के लिए फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। प्रो रेसलिंग लीग 2026 का आयोजन 15 जनवरी से 1 फरवरी तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है। हरियाणा ने मुकाबले की शुरुआत शानदार अंदाज में की। 86 किग्रा वर्ग में अशिरोव अशरफ ने रोमांचक मुकाबले में टारियल गैफ्रिंडाशविली को 6-5 से हराया।

### भारतीय खेल प्राधिकरण ने 26 खेलों में 323 असिस्टेंट कोच पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने 26 खेल विधाओं में 323 असिस्टेंट कोच पदों पर भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। खेल प्राधिकरण, युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है, जो सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के तहत पंजीकृत है। चयनित असिस्टेंट कोचों की तैनाती देशभर में स्थित साई के क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों या प्रशिक्षण केंद्रों में की जाएगी। इन पदों के लिए वेतनमान लेवल-6 के तहत 35,400 से 1,12,400 तक होगा (पूर्व में पे बैंड-II 9,300-34,800 + ग्रेड पे 4,200)। असिस्टेंट कोच पदों के लिए जिन खेलों में रिक्तियां निकाली गई हैं, उनमें एथलेटिक्स (28), तीरंदाजी (12), बैडमिंटन (16),बास्केटबॉल (12), बॉक्सिंग (19), कैनोइंग(7), साइक्लिंग (12),फेंसिंग (11), हॉकी (13), फुटबॉल (12), जिम्नास्टिक्स (12),हैंडबॉल (6), जूडो (6), कबड्डी (6), खो-खो (2), रोइंग (11), सेपक टकरॉ (3), शूटिंग (28), स्विमिंग (26), टेबल टेनिस (14), ताइक्वांडो (11), टेनिस (8), वॉलीबॉल (10),वेटलिफ्टिंग(10), कुश्ती (22) और वुशु (6) शामिल हैं। भर्तियां भारत सरकार की मानक आरक्षण नीति के अनुसार की जाएंगी। इसके अलावा प्रत्येक खेल विधा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण भी लागू होगा। इन पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष निर्धारित की गई है। आवश्यक योग्यता में साई एनएसएनआईएस, पटियाला या किसी मान्यता प्राप्त भारतीय/विदेशी विश्वविद्यालय से कोचिंग में डिप्लोमा या समकक्ष प्रमाणपत्र शामिल है।

# एन से-यंग ने इंतानोन को हराकर फाइनल में बनाई जगह

- एन से-यंग ने दबदबा बना लिया और छह अंक जीतकर बढ़त हासिल की

**नई दिल्ली। एजेंसी**



विश्व नंबर-1 दक्षिण कोरियाई शटलर एन से-यंग ने शनिवार को बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड की विश्व नंबर-8 खिलाड़ी राचानोक्त इंतानोन को महज 32 मिनट में सीधे गेमों में पराजित कर सत्र के अपने दूसरे फाइनल में प्रवेश किया। इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में से-यंग ने इंतानोन को 21-11, 21-7 से शिकस्त दी। मुकाबले की शुरुआत से ही एन से-यंग ने दबदबा बना लिया और लगातार छह अंक जीतकर बढ़त हासिल की। अपने सटीक नियंत्रण और आक्रामक खेल से उन्होंने प्रतिद्वंद्वी को संभलने का कोई मौका नहीं दिया और पहला गेम आसानी से 21-11 से अपने नाम किया।

दूसरे गेम की शुरुआत अपेक्षाकृत बराबरी की रही और दोनों खिलाड़ियों के बीच अंक बंटते हुए स्कोर 4-4 तक पहुंचा। हालांकि इसके बाद एन से-यंग ने गियर बदलते हुए तेज आक्रमण किया और लगातार अंक बटोरते हुए 16-5 की बड़ी बढ़त बना ली। बेहतरीन निरंतरता और लगभग त्रुटिहीन खेल का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने दूसरा गेम 21-7 से जीतकर मुकाबला अपने नाम किया।

इस जीत के साथ एन से-यंग ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ लगातार 29 मैचों की जीत का रिकॉर्ड भी कायम कर लिया। उन्होंने सत्र की शुरुआत मलेशिया ओपन में शानदार प्रदर्शन के साथ की थी, जहां उन्होंने लगातार तीसरा खिताब जीता था।

अब इंडिया ओपन के फाइनल में जगह बनाकर वह लगातार दूसरे सप्ताह खिताब जीतने के करीब पहुंच गई हैं। पिछले साल दक्षिण कोरियाई स्टार ने एक ही सत्र में 11 खिताब जीतकर इतिहास रचा था और वह कैलेंडर वर्ष में 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक इनामी राशि कमाने वाली पहली बैडमिंटन खिलाड़ी बनी थीं। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में 2.40 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि जीतने के बाद उनकी कुल कमाई 10,03,175 अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई थी। इंडिया ओपन फाइनल में एन से-यंग का सामना विश्व नंबर-2 चीन की वांग झी यी से होगा। यह मुकाबला पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन के फाइनल का रीमैच होगा। दोनों खिलाड़ियों के बीच आमने-सामने के रिकॉर्ड में एन से-यंग 17-4 से आगे हैं और उन्होंने लगातार पिछले नौ मुकाबले भी अपने नाम किए हैं। फाइनल से पहले एन से-यंग ने कहा मुझे लगता है कि हर मैच एक नया अनुभव होता है। वह बहुत अच्छी खिलाड़ी हैं और काफी आक्रामक खेलती हैं। इसलिए मुझे नहीं पता कि वह कल के मैच में कितना दबाव बनाएंगी। वांग झी यी ने सेमीफाइनल में विश्व नंबर-4 चेन यू फेई को कड़े मुकाबले में 15-21, 23-21 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: विलियम्स ने वाइल्डकार्ड के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया

**मेलबर्न। एजेंसी**



सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के लिए वाइल्डकार्ड दिए जाने पर आयोजकों का आभार जताया है। 45 वर्षीय अमेरिकी दिग्गज इस वाइल्डकार्ड के साथ सिंगल्स मेन ड्रॉ में खेलने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन जाएंगी। वीनस ने पिछले सीजन में 16 महीने के लंबे ब्रेक के बाद टेनिस में वापसी की थी। 2026 की शुरुआत उन्होंने ऑकलैंड क्लासिक से की, जहां वाइल्डकार्ड एंट्री मिलने के बावजूद उन्हें पहले दौर में दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की मैग्डा लिनेटे से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद होबार्ट इंटरनेशनल में भी उन्हें वाइल्डकार्ड मिला, लेकिन वहां 38 वर्षीय जर्मन खिलाड़ी टाटजाना मारिया के खिलाफ पहले ही दौर में बाहर हो गईं। यह मुकाबला डब्ल्यूटीए इतिहास का सबसे अधिक संयुक्त उम्र वाला मैच भी रहा। मेलबर्न पार्क में पत्रकारों से बात करते हुए वीनस ने कहा मुझे यहां आए हुए पांच साल हो गए हैं। यह समय बहुत तेजी से बीत गया। टेनिस ऑस्ट्रेलिया द्वारा दिए गए इस मौके के लिए मैं बेहद आभारी हूं। दर्शकों के सामने खेलने का अवसर मिलना मेरे लिए खास है। शहर में घूमते हुए और प्रतियोगिता के दौरान मुझे जबरदस्त समर्थन मिला है। मेरी कोशिश रहेगी कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं। ऑस्ट्रेलियन ओपन में वाइल्डकार्ड के आवंटन को लेकर इस बार काफी बहस भी देखने को मिली है। घरेलू स्टार निक किर्गियोस को लेकर भी सवाल उठे थे, जिन्होंने अंततः पुरुष एकल से नाम वापस ले लिया। किर्गियोस पिछले सीजन में सिर्फ चार सिंगल्स मैच पूरे कर पाए थे और उनकी रैंकिंग 600 से बाहर है। इसके बाद आयोजकों ने 40 वर्षीय पूर्व चैंपियन स्टैन वावरिंका को भी पुरुष एकल में वाइल्डकार्ड दिया।

## लिवरपूल की गोलकीपर पर एफए ने लगाया छह मैचों का प्रतिबंध

**लंदन। एजेंसी**



इंग्लैंड फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) ने नस्लभेदी टिप्पणी के मामले में लिवरपूल की गोलकीपर राफाएला बॉर्गग्राफे पर छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया है। लिवरपूल के कोच गैरेथ टेलर ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि खिलाड़ी अपने प्रतिबंध के पांच मैच पहले ही भुगत चुकी हैं। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सितंबर में एफए ने बॉर्गग्राफे के खिलाफ जांच शुरू की थी। उन पर आरोप था कि उन्होंने अपनी ही टीम की एक खिलाड़ी के खिलाफ आपत्तिजनक और भेदभावपूर्ण भाषा का इस्तेमाल किया था। हालांकि, उस खिलाड़ी की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई। गैरेथ टेलर ने टॉटनहैम हॉटस्पर के खिलाफ रविवार को होने वाले विमेंस सुपर लीग मुकाबले से पहले पत्रकारों से कहा इस मामले में अब एक अपडेट है। एफए ने अपनी विस्तृत जांच पूरी कर ली है और खिलाड़ी पर छह मैचों का प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध उस दौरान लागू रहा जब हम मुकाबले खेल रहे थे, इसलिए वह इस सप्ताहांत चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। इसके बाद वह चयन के लिए उपलब्ध रहेंगी।

उन्होंने आगे कहा हम खुश हैं कि अब यह मामला पूरा हो गया है। अब हमारे पास पूरी स्पष्टता है और हम सभी इस प्रकरण से आगे बढ़ सकते हैं। 25 वर्षीय राफाएला बॉर्गग्राफे जुलाई में लिवरपूल से जुड़ी थीं और अब तक विमेंस सुपर लीग में टीम के लिए तीन मुकाबले खेल चुकी हैं। फिलहाल लिवरपूल की टीम लीग तालिका में निचले पायदान पर है।

## एशियन बॉक्सिंग काउंसिल के सदस्य नियुक्त हुए ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह

**एशियन**



**नई दिल्ली।** भारतीय बॉक्सिंग के दिग्गज और ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह को एशियन बॉक्सिंग काउंसिल का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति एक शीर्ष खिलाड़ी से वैश्विक खेल प्रशासक तक उनके सफर में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। भारतीय बॉक्सिंग में ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी विजेंदर सिंह के पास करीब दो दशक का अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। उन्होंने शौकिया और पेशेवर, दोनों स्तरों पर बॉक्सिंग में देश का नाम रोशन किया है। एशियन बॉक्सिंग काउंसिल में उनकी नियुक्ति खेल की गहरी समझ और एशिया में बॉक्सिंग के विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विजेंदर सिंह ने एक आधिकारिक बयान में कहा एशियन बॉक्सिंग काउंसिल का सदस्य बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। इसके लिए मैं बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और उसके नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझ पर यह जिम्मेदारी सौंपी। मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस भूमिका को पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास करूंगा। जैसे हमने बीजिंग ओलंपिक में इतिहास रचा था, उसी तरह मैं एशियाई बॉक्सिंग के विकास के लिए, खासकर भारतीय मुक्केबाजों पर फोकस करते हुए, काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं ताकि हमारे खिलाड़ी भविष्य में और बड़ी सफलता हासिल कर सकें। एशियन बॉक्सिंग काउंसिल एशिया महाद्वीप में बॉक्सिंग की प्रतिस्पर्धी और विकासात्मक रूपरेखा तय करने में अहम भूमिका निभाती है।

विजेंदर की मौजूदगी से परिषद के नीतिगत निर्णयों, प्रशासन और दीर्घकालिक योजनाओं में 'एथलीट-फर्स्ट' दृष्टिकोण को मजबूती मिलने की उम्मीद है। विजेंदर सिंह भारत के सबसे चर्चित और सम्मानित खिलाड़ियों में शुमार हैं। उन्होंने 2008 बीजिंग ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के अलावा कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में भी कई पदक अपने नाम किए हैं। शौकिया करियर के बाद उन्होंने पेशेवर बॉक्सिंग में भी सफलतापूर्वक कदम रखा, जिससे उनकी अंतरराष्ट्रीय पहचान और मजबूत हुई। विजेंदर सिंह की यह नियुक्ति भारतीय बॉक्सिंग के लिए गर्व का क्षण मानी जा रही है और यह वैश्विक खेल प्रशासन में भारतीय खिलाड़ियों की बढ़ती मौजूदगी को भी रेखांकित करती है।

## मेनिन्जाइटिस से जंग जीतकर लौटे डेमियन मार्टिन, बोले '2026 के लिए तैयार हूं'

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर डेमियन मार्टिन ने मेनिन्जाइटिस जैसी गंभीर बीमारी से चमत्कारी रूप से उबरने के बाद सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट साझा की है। 54 वर्षीय मार्टिन ने शनिवार को एक्स पर लिखा 2026 के लिए तैयार हूं, मैं वापस आ गया हूं। साथ ही उन्होंने और अपने परिवार, दोस्तों व शुभचिंतकों का आभार जताया। डेमियन मार्टिन पिछले महीने अचानक बीमार पड़ गए थे। हालत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मेनिन्जाइटिस होने की पुष्टि की। यह बीमारी दिमाग और रीढ़ की हड्डी को ढकने वाली झिल्लियों में सूजन पैदा करती है।

इलाज के दौरान उन्हें करीब एक हफ्ते से ज्यादा समय तक कृत्रिम कोमा (इंड्यूस्ड कोमा) में रखा गया था। अपने पोस्ट में मार्टिन ने लिखा 27 दिसंबर 2025 को मेरी जिंदगी मेरे हाथों से निकल गई थी, जब मेनिन्जाइटिस ने मेरे दिमाग को अपनी चपेट में ले लिया। मुझे बिना मेरी जानकारी के 8 दिनों के लिए पैरालाइज्ड कोमा में रखा गया, ताकि मैं इस खतरनाक बीमारी से लड़ सकूं और मैं लड़ा। उन्होंने आगे बताया कि डॉक्टरों ने उनके बचने की संभावना 50-50 बताई थी। कोमा से बाहर आने के बाद वह न चल पा रहे थे और न ही बोल पा रहे थे, लेकिन महज चार दिन के भीतर उन्होंने न सिर्फ चलना और बोलना शुरू कर दिया।

## व्यापार

### विंग्स इंडिया 2026 उड़ान भरने के लिए तैयार

# 28-31 तक हैदराबाद में होगा कार्यक्रम

**नई दिल्ली। एजेंसी**



विंग्स इंडिया 2026 अब उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह एशिया का सबसे बड़ा नागरिक उड्डयन कार्यक्रम है, जो 28 से 31 जनवरी 2026 तक हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर आयोजित किया जाएगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि विंग्स इंडिया 2026, एशिया का सबसे बड़ा नागरिक उड्डयन कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू करेंगे।

इस बार विंग्स इंडिया 2026 की थीमः भारतीय एविएशनः भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना, डिजाइन से लेकर डिप्लॉयमेंट तक, मैन्युफैक्चरिंग से लेकर मेंटेनेंस तक, समावेशिता से लेकर इनोवेशन तक और सुरक्षा से लेकर सस्टेनेबिलिटी तक। इस अवसर पर देश और विदेश के उच्च-स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेंगे।

वैश्विक विमानन के भविष्य को प्रदर्शित करने के लिए एशिया का सबसे बड़ा नागरिक उड्डयन कार्यक्रम एक भव्य समारोह के साथ किया जाएगा। यह 28 से 31 जनवरी, 2026 तक हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट में होने वाली चार दिवसीय वैश्विक विमानन सभा की शुरूआत का प्रतीक होगा। मंत्रालय के मुताबिक विंग्स इंडिया 2026 में शानदार स्टैटिक एयरक्राफ्ट डिस्प्ले, फ्लाइंग डिस्प्ले और एरोबेटिक एयर शो होंगे, जिसमें कई तरह के एयरक्राफ्ट दिखाए जाएंगे। खास आकर्षणों में इंडियन एयर फोर्स की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम का हवाई प्रदर्शन शामिल है।

नागरिक उड्डयन कार्यक्रम विंग्स इंडिया 2026 में एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी, स्टैटिक एयरक्राफ्ट डिस्प्ले, फ्लाइंग और एरोबेटिक शो, एक उच्चस्तरीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस, सीईओ राउंडटेबल, बी2बी और बी2जी मीटिंग, एक एविएशन जॉब फेयर, अवॉर्ड सेरेमनी और शानदार कल्चरल प्रोग्राम आयोजित होंगे। इसमें दुनियाभर से डेलीगेट्स और पार्टिसिपेंट्स के आने की उम्मीद है, जिससे यह इवेंट एक प्रमुख ग्लोबल एविएशन फोरम के तौर पर अपनी जगह और मजबूत करेगा।

## बहुध्रुवीय दुनिया में सहयोग और विकास के नए रास्तों की तलाश

**नई दिल्ली। एजेंसी**



वरिष्ठ नीति-निमार्ता, वैश्विक सीईओ, निवेशक और भारत और विदेशों से बहुपक्षीय संस्थानों के लीडर 17 से 19 फरवरी के बीच मुंबई में आयोजित होने वाले पहले ग्लोबल इकोनॉमिक कोऑपरेशन 2026 (जीईसी) के लिए एकत्र होंगे। इस उच्चस्तरीय, आमंत्रण-आधारित मंच पर विचार किया जाएगा कि तेजी से बहुध्रुवीय होती दुनिया में आर्थिक कूटनीति, सहयोग और पूंजी के समन्वय को किस तरह विकसित होना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के विदेश मामलों के प्रभारी विजय चौथाईवाले ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि यह सम्मेलन फ्यूचर इकोनॉमिक कोऑपरेशन काउंसिल (एफईसीसी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो एक गैर-लाभकारी मंच है। इसका आयोजन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। इस काउंसिल को एक गवर्निंग बॉडी निर्देशित करेगी, जिसके मुख्य संरक्षक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हैं।

भारतीय जनता पार्टी के विदेश मामलों के प्रभारी विजय चौथाईवाले इसके डायरेक्टर और विश्वमित्र रिसर्च फाउंडेशन की संस्थापक सुश्री प्रियम गांधी-मोदी इसकी डायरेक्टर एवं क्यूरेटर हैं। वैश्विक आर्थिक बदलाव के इस दौर में आयोजित किए जा रहे जीईसी 2026 को उन गंभीर संरचनात्मक बदलावों (स्ट्रक्चर्ड चेंज) से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है।

## पीएम विश्वकर्मा हाट-2026 का आयोजन दिल्ली हाट में 18 से 31 जनवरी तक

**नई दिल्ली।** पीएम विश्वकर्मा हाट-2026 का आयोजन दिल्ली हाट, आईएनए, नई दिल्ली में 18 से 31 जनवरी तक होगा। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन रविवार, 18 जनवरी को केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने बताया कि यह आयोजन 18 से 31 जनवरी तक नई दिल्ली स्थित दिल्ली हाट, आईएनए में किया जाएगा। इसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और एमएसएमई राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे करेंगे। इस प्रदर्शनी में देशभर के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 117 से ज्यादा कारीगर हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत आयोजित यह प्रदर्शनी सुबह 10:30 से रात 10 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंत्रालय ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा हाट का मकसद भारत की पारंपरिक कारीगरी की समृद्ध विरासत का जश्न मनाना।

## बजट के दिन 01 फरवरी को कारोबार के लिए खुले रहेंगे शेयर बाजार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



शेयर बाजार के दोनों सूचकांक बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) इस साल 01 फरवरी को बजट पेश होने के दिन रविवार होने के बावजूद कारोबार के लिए खुले रहेंगे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने निवेशकों को दी जानकारी में बताया सामान्य समय पर कारोबार होगा। ये निवेशकों को बजट की घोषणाओं पर तुरंत प्रतिक्रिया देने का मौका देगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उस दिन वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने निवेशकों को जारी परिपत्र में कहा कि केंद्रीय बजट पेश होने के कारण 01 फरवरी को सामान्य समय के हिसाब से 'लाइव' कारोबारी सत्र आयोजित किया जाएगा। परिपत्र के अनुसार, 'प्री-ओपन मार्केट' सुबह 09 बजे शुरू होकर 9.08 बजे समाप्त होगा और सामान्य कारोबार सुबह 9.15 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक चलेगा। इसी तरह बीएसई ने भी निवेशकों के लिए 01 फरवरी को कारोबार होने से संबंधित परिपत्र जारी किया है। बीएसई के नोटिस के अनुसार 1 फरवरी को 'विशेष कारोबार दिवस' घोषित किया गया है और बाजार सामान्य कारोबारी घंटों के लिए खुले रहेंगे।


एसआईआर का विरोध बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के वोट कटने की आशंका से उपजा, ये ही कांग्रेस की बौखलाहट : स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज

# एसआईआर को लेकर कांग्रेस की अनर्गल बयानबाजी निराधार, चुनाव आयोग की निष्पक्ष प्रक्रिया पर रखें भरोसा: स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने कांग्रेस नेताओं द्वारा एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया को लेकर दिए जा रहे बयानों को निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर भारत की संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग द्वारा निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कराया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची से बाहरी व्यक्ति, मृत व्यक्ति और डुप्लीकेट नामों को हटाना है। महाराज ने कहा कि राजस्थान में इसी चुनाव आयोग ने उपचुनाव भी पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए हैं, जिनमें भाजपा और कांग्रेस को भी जनादेश मिला। यदि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की पक्षपातपूर्ण भूमिका होती, तो कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा बार-बार झूठे और व्यर्थ के आरोप लगाने से कोई लाभ नहीं होने वाला।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने कहा कि एसआईआर का विरोध दरअसल बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के वोट कटने की आशंका से उपजा है। यही कारण है कि कांग्रेस में बौखलाहट है। उन्होंने कहा कि जो लोग अवैध रूप से यहां रहकर मुफ्त राशन और योजनाओं का लाभ ले रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई से कांग्रेस को आपत्ति क्यों है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर उंगली उठाना गलत है। भाजपा अपने काम और सेवा के दम पर जनविश्वास प्राप्त करती है। यदि किसी के पास दस्तावेज है तो वो चुनाव आयोग में पेश करें, किसी का नाम नहीं



कटेगा। उन्होंने कांग्रेसी नेताओं से अपील की कि मतदाता सूची को शुद्ध करने में सहयोग करें अन्यथा, फर्जी मतदाताओं का समर्थन करना देशहित के खिलाफ है।

कांग्रेस द्वारा चुनाव आयोग पर आरोप लगाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए विधायक स्वामी बाल मुकुंदाचाय महाराज ने 1977 की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस को अपने इतिहास पर भी जवाब देना चाहिए। उन्होंने हवामहल विधानसभा क्षेत्र के उदाहरण देते हुए कहा कि कई स्थानों पर कागजों में दर्ज मतदाता वास्तविकता में मौजूद ही नहीं हैं–एक 50 गज के मकान नंबर 333 में 39 लोगों का दर्ज होना, जबकि मौके पर कोई नहीं रहता। इसी प्रकार मकान नंबर 572 में 65 लोगों का नाम दिखाना, जबकि मौके पर एक भी नहीं। 105 से 107 वर्ष की आयु वाली माताओं के नाम दर्ज है जबकि मौके पर कोई है ही नहीं। ये गंभीर त्रुटियां कांग्रेस काल के फर्जीवाड़े की ओर इशारा करती हैं।

विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने दोहराया कि नाम काटने का अधिकार किसी नेता का नहीं, बल्कि चुनाव आयोग की प्रक्रिया का हिस्सा है। यदि कोई व्यक्ति वैध दस्तावेज प्रस्तुत करता है, तो उसका नाम नहीं कटेगा। फर्जी मतदान, एक व्यक्ति का कई राज्यों में वोटर होना, या बाहरी लोगों द्वारा गलत तरीके से लाभ लेना ये सभी लोकतंत्र के खिलाफ हैं और इन्हें ठीक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई बेटियां विवाह के बाद जहां जाती हैं, वहां उनका नाम जुड़ना चाहिए और जो बहुएं यहां आती हैं, उनका नाम यहां जुड़ना चाहिए, यह स्वाभाविक और वैधानिक प्रक्रिया है।

विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने कहा कि भाजपा तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करती, हिंदू-मुस्लिम सभी एक परिवार हैं। प्रदेश का हर नागरिक हमारी जिम्मेदारी है और राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। ''राम हो या रहीम, सेवा करना हमारा धर्म है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने केवल मौज-मस्ती की, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की देवतुल्य जनता ने भाजपा को सेवा का अवसर दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। भाजपा के दो वर्षों में कांग्रेस को एक भी ठोस मुद्दा या भ्रष्टाचार का उदाहरण नहीं मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### माधव बस्ती में आज सजेगा 'विराट हिंदू सम्मेलन', हनुमान चालीसा और महाआरती के साथ होगा 'संगत-पंगत' का संगम



**चमकता राजस्थान/संदीप कुमावत/चौमू।** चौमू माधव बस्ती के तत्वावधान में रविवार को पुरोहितों का मोहल्ला स्थित विवेकानंद पार्क में एक भव्य 'विराट हिंदू सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों-शोरों पर हैं और सनातन प्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के बारे मेंसमिति अध्यक्ष एवं शिक्षाविद हजारी लाल शर्मा तथा समिति संरक्षक दीनदयाल पारीक ने बताया कि रविवार सायं 4:15 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में आध्यात्मिक और देशभक्ति एवं शिक्षा की त्रिवेणी बहेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन के साथ हनुमान चालीसा का संगीतमय सामूहिक पाठ संत समागम एवं आशीर्वाद पंच परिवर्तन नाट्य की प्रस्तुति अखंड भारत माता की भव्य आरती एवं दीपदान संतों व वक्ताओं का मिलेगा सानिध्य सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संत शिरोमणि सागर पुरी जी महाराज एवं साध्वी समदर्शी गिरी जी का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। साथ ही, मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत गौ सेवा प्रमुख श्री मोहन सिंह जी उपस्थित रहकर समाज को मार्गदर्शित करेंगे।समिति पदाधिकारियों ने बताया कि महाआरती के पश्चात सभी भक्तों के लिए प्रसादी का आयोजन भी किया गया है। उन्होंने सभी सनातनी परिवारों से अपील की है कि वे सपरिवार इस उत्सव में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और धर्म लाभ उठाएं।

### जाखड़ ने जताई शोक संवेदना, परिजनों को बंधाया ढांढस




**चमकता राजस्थान/जुगलकिशोर बावल/ रानी -पाली।** के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बद्रीराम जाखड़ ने कांग्रेस नेता डॉ. दुर्गा सिंह राठौड़ के रामाजी गुड़ा स्थित निवास पर पहुंचकर उनके पिताजी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। जाखड़ ने शोकाकुल परिवार से आत्मीय मुलाकात कर इस अपूरणीय क्षति पर दुःख व्यक्त किया तथा कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार उनके साथ खड़ा है।

पूर्व सांसद जाखड़ ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि जीवन की इस कठिन परीक्षा में धैर्य और साहस ही सबसे बड़ा सहारा होता है।

इस अवसर पर देसूरी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राकेश चौहान दादाई, पूर्व प्रधान रानी पाबू सिंह राणावत, नारायण लाल, मंडल अध्यक्ष अशोक जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### लखीसराय मे जाम की समस्या निराशाजनक




**चमकता राजस्थान/लखीसराय से सौरव कुमार।** लखीसराय नया बाजार जमुई मोर से विद्यापीठ चौक तक जाम की समस्या इतनी ज्यादा हो गई है कि गौशाला गली से नगर परिषद लखीसराय तक एक से डेढ़ किलो मीटर की दूरी तय करने मे किसी भी गाड़ी को आधा से एक घंटा समय लग जाता है इतना जाम लगने का कुछ मुख्य वजह यह भी है कि एक तो सड़क छोटी है दूसरा ज्यादा संख्या में हवा हवाई गाड़ी है तीसरा सड़क के दोनो ओर ठेले की दुकानें जिससे सड़क और भी सकरी हो जाती हैं पुलिस प्रशासन भी लगातार जाम की समस्या को दूर करने का प्रयास कर रही है लेकिन कोई खास परिणाम नही दिख रहा हैं आम जनता को काफी परेशानी उठाना पड़ रहा है।

## पति ने ढ़ाई-तीन साल से छोड़ रखा हैं रहने के लिए मकान तक नहीं हैं पति ने घर से बाहर निकाल दिया

### सुनते ही जिला कलेक्टर ने कर्मचारियों को किया कार्यवाही हेतु निर्देशित

चमकता राजस्थान

**कमल साहू ब्यावर।** 13.जनवरी.2026 स्थान कार्यालय ग्राम पंचायत भोजपुरा, पं.स. बदनोर जिला ब्यावर ::सफलता की कहानी:: 13 जनवरी.2026 को ग्राम पंचायत भोजपुरा, पंचायत समिति बदनोर जिला ब्यावर में आयोजित रात्रि चैपाल कार्यक्रम में परिवादिया शांति देवी पत्नी किस्तुर निवासी कोलपुरा, ग्राम पंचायत भोजपुरा पं.स. बदनोर जिला ब्यावर द्वारा परिवाद जिला कलक्टर ब्यावर के समक्ष प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उसके पति ने उसे ढ़ाई-तीन साल से छोड़ रखा हैं, उसके पास रहने के लिए मकान तक नहीं हैं। पति ने घर से बाहर निकाल दिया हैं। वह अपने पीहर में रह रही हैं। माली हालत काफी खराब हैं, किसी तरह मेहनत मजदूरी कर अपनी नाबालिग बच्ची को पढ़ा रही हैं। किसी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं मिल रही हैं। यह कहते कहते उसका गला रून्ध गया वह किसी तरह अपनी बात पूरी कर पाईं।



इस पर जिला कलक्टर ने तुरन्त संज्ञान लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। जिस पर तत्काल मजमे आम में रिपोर्ट लेते हुए हाथों हाथ प्रार्थीया का परित्यक्ता प्रमाण पत्र जारी कराया तथा पेंशन का आवेदन भरवाकर पेंशन स्वीकृत करवाई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत ऑनलाईन फॉर्म भरवाकर योजना से लाभान्वित कराया गया। प्रार्थीया के पालनहार के ऑनलाईन आवेदन पर जिला कलक्टर द्वारा त्वरित कार्यवाही करवाते हुए आवेदन स्वीकृत करवाया। नीतू करोल, उपखण्ड अधिकारी बदनोर एवं देवा लाल, तहसीलदार बदनोर द्वारा प्रार्थीया श्रीमती शांति देवी को ग्राम पंचायत भोजपुरा में 16.जनवरी.2026 को उनकी पेंशन, पालनहार एवं एनएफएसए स्वीकृति की सूचना प्रदान की गई।

इस तरह तात्कालिक सहायता मिलने पर प्रार्थीया शांति देवी के आंखों में खुशी के आंसू छलक गए और उसने जिला कलक्टर व राज्य सरकार का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ठाणे के प्रभाग 15 के पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर को जनता ने भारी विश्वास दिखाया

**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/ठाणे।** ठाणे महानगर पालिका के चुनाव में इंदिरा नगर,अंबेवाडी प्रभाग क्र 15 में महायुति (भाजपा शिवसेना) के चारों नगरसेवक पद के उम्मीदवारों ने भारी जीत दर्ज की। इस प्रभाग में 2017 से नगरसेवक एकनाथ भोईर थे, परंतु भाजपा-शिवसेना युति होने के कारण उनकी जगह उनकी बहू यज्ञा भोईर को शिवसेना शिंदे गुट से टिकट मिला। भाजपा ने पूर्व नगरसेवक अमित सरैया, पूर्व नगरसेवक सुरेश कांबले और दया यादव की पत्नी अनीता दया यादव को चुनाव में उतारा। पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर द्वारा प्रभाग 15 में जो विकास कार्य हुए, उस हिसाब से उनकी बहू की जीत पक्की मानी जा रही थी। एकनाथ भोईर की जिद्द थी कि पूरा पैनल जीतकर उपमुख्यमंत्री के अच्छे कार्यों और उनके नेतृत्व को और मजबूत किया जाए ताकि जनता के हित के काम अच्छे से और तेज गति से हो सकें। इसलिए उन्होंने पूरी मेहनत से प्रभाग की जनता से घर-घर जाकर मिले। प्रभाग 15 की जनता ने भी सभी उम्मीदवारों को भारी वोटों से जिताया। वहीं, एकनाथ भोईर की पत्नी एकता एकनाथ भोईर प्रभाग से निर्विरोध चुनाव जीतकर चौथी बार नगरसेविका बन गई हैं। पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया की यह जीत उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा किए जा रहे सभी जाति धर्म लोगों के विकास के कामों की जीत है।

### जेंडर, पोश एक्ट, बाल विवाह रोकथाम एवं कानूनों के बारे में बताया



**चमकता राजस्थान/बूंदी।** 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र गुमानपुरा व महारानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बूंदी में महिलाओं एवं बालिकाओं को जेंडर, पोश एक्ट, बाल विवाह रोकथाम एवं कानूनों के बारे में बताया। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भैरू प्रकाश नागर ने कहा कि बाल विवाह जड़ से खत्म करने के लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा। बाल विवाह से बच्चों का बचपन खत्म हो जाता है। इसके साथ ही महिलाओं का कार्यस्थल पर शोषण न हो इसके लिए प्रत्येक कार्यस्थल, जहां कार्मिकों की संख्या 10 या 10 से अधिक हैं, आंतरिक शिकायत समितियों का गठन किया गया हैं। इस दौरान पर्यवेक्षक प्रमिला ने बाल विवाह रोकथाम के उपाय एवं कानूनों की जानकारी प्रदान की। जेंडर स्पेशलिस्ट विनिता अग्रवाल ने जेंडर मॉड्यूल एवं जेंडर संवेदीकरण के बारे में बताया। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की परामर्शदाता सलोनी शर्मा ने सामूहिक विवाह एवं अनुदान योजना के बारे में बताया। इस दौरान परामर्शदाता अक्षिता मिश्रण ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना एवं विधिक काउंसलर प्रिया मिश्रण द्वारा पोश एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### चेतन शर्मा का अंडर-23 कर्नल सी.के नायडू ट्रॉफी के लिए राजस्थान क्रिकेट टीम में चयन

**चमकता राजस्थान/भरतपुर।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित की जा रही अंडर-23 कर्नल सी.के नायडू ट्रॉफी के लिए भरतपुर जिले के राइट आर्म फ़ास्ट बॉलर चेतन शर्मा का राजस्थान की 15 सदस्यीय क्रिकेट टीम में चयन हुआ है।जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि दो मैचों के लिए टीम में चयन हुआ है।तिवारी ने यह भी बताया कि यह पहला मैच 23 जनवरी से 26 जनवरी तक असम के खिलाफ तथा दूसरा 29 जनवरी से 1 फ़रवरी तक उड़ीसा के ख़िलाफ़ जयपुर के एसएमएस स्टेडियम पर आयोजित होंगे चेतन ने पिछले दिनों अंडर-19 इंडिया से खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया टीम के ख़िलाफ़ व अंडर-19 एशिया कप में की गई बेहतरीन परफॉरमेंस एवं पूर्व में आरसीए द्वारा आयोजित की गई राज्यस्तरीय अंडर-23 व सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिताओ किये गए बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अंडर-23 कर्नल सी.के नायडू ट्रॉफी के लिए राजस्थान की टीम में चयन हुआ है चेतन के चयन पर जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के कार्यालय पर मिठाई बांटी गई और एक दूसरे पदाधिकारियों को माला पहनाकर हर्ष व्यक्त करते हुई उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विष्णु प्रकाश अग्रवाल उपाध्यक्ष राजकुमार जैन अजय कुमार शर्मा संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र तिवारी व सदस्य वीनू सिंह, त्रिलोकीनाथ शर्मा, अवदेश खटाना, राहुल लोहिया, गौरव फ़ौजदार, देवेंद्र सिंह कालू, रूपेन्द्र मोहन तथा चयनकर्ता नरेश खत्री, सूरज शर्मा, प्रेम सिंह और लंकेश सियाराम, पंकज गोयल एवं वरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चीनिया तथा भारी संख्या में साथी खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित थे।




### लाखों की लागत से बनी टंकी केवल बनी शो फीस



**चमकता राजस्थान/चौथ का बरवाड़ा/सुरेश खटाना।** चौथ का बरवाड़ा के ग्राम पंचायत डीडायच के बांसला में 2 वर्ष पहले ही बनी पानी की टंकी आज केवल शो फीस की तरह खड़ी है ।थोड़े दिनों तो चालू कर दी गई थी लेकिन कुछ ही महीनों में ग्रामीणों द्वारा अपने वाहन ट्रैक्टर ट्रॉली धोने लग गए ।जिससे बार बार पाइप को खोलकर रोड पर लाते ओर अपने वाहन धोते थे ।थोड़े दिनों में पाइप टूट गया और टोटियां अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर ली गई ।अब टंकी केवल एक शो फीस बनकर खड़ी है।ना तो टंकी के टोटियां है न ही पाइप ।जबकि कुछ ही दिनों में पानी के आवश्यकता ज्यादा पड़ने लगेगी। टंकी बनने से वहां लगा हैंडपंप भी खराब होकर पड़ा है।जब इस बारे में हमारे संवादाता ने प्रशासक हंसराज बैरवा से बात की तो उनका कहना है कि ग्रामीणों द्वारा अपने वाहन धोने से पाइप खराब कर दिए ओर टोटियां चोरी कर ले गए ।अब पंचायत तो रखवाली करने से रहा ।जिम्मेदारी तो गांव की ही बनती है।लेकिन हैंडपंप को एक दो दिन में चालू करवा दिया जाएगा।ओर टंकी को 10से 15दिन में चालू करवाने का आश्वासन दिया गया।जबकि ग्रामीण चाहते है जल्द टंकी को सही कर पानी भरे पंचायत प्रशासन।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने डॉ. सुषमा महाजन के कला चित्रों से सुसज्जित तीन दिवसीय 'मेलोडी ऑफ कलर्स' प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

### जलरंगों में साकार होती संवेदनाएं कल्पना से परे- दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** कला जगत में शनिवार (17 जनवरी) का दिन बेहद खास रहा जब प्रदेश की उपमुख्यमंत्री मंत्री तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने जवाहर कला केंद्र की अलंकार आर्ट गैलरी में सुप्रसिद्ध जलरंग कलाकार डॉ. सुषमा महाजन के कला चित्रों से सुसज्जित तीन दिवसीय ''मेलोडी ऑफ कलर्स'' एकल प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन किया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने यहां प्रदर्शशित डॉ. सुषमा महाजन की 60 जलरंग कृतियों को निहारने और उनका बारीकी से अवलोकन करने के बाद पत्रकारों से बात करते



हुए कहा कि डॉ. सुषमा महाजन द्वारा तैयार ये कला कृतियां निश्चित ही उत्कृष्ट हैं, अद्भुत है। उन्होंने कहा कि ये जलरंगों में साकार होती संवेदनाएं कल्पना से परे हैं। उपमुख्यमंत्री दिया ने उत्कृष्ट कला कृतियों से अत्यंत प्रभावित भाव से कहा डॉ. सुषमा द्वारा ये जल रंग



कृतियां बहुत बारीकी से ऊकेरी गई हैं, जिनमें वाइब्रेन्ट रंग और उनकी कलात्मकता मानवीय संवेदनाओं का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं।

दिया कुमारी ने कहा कि डॉ. सुषमा महाजन वास्तव में जल रंग कला कृतियों की सिद्धस्त कलाकार हैं, वे इस वाटर कलर आर्ट की मास्टर हैं। जल रंग में महारथ रखने वाली डॉ सुषमा की यह कला प्रदेश और देश और समूचे सृजन जगत में नायब है, जो देश और दुनिया में राजस्थान की कला संस्कृति के परचम को फहरा रही है। उल्लेखनीय है कि इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन 19 जनवरी तक कला प्रेमी प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से सायं 7:30 बजे तक कर सकेंगे। इस प्रदर्शनी में लगभग 60 जलरंग कृतियां प्रदर्शित की गईं हैं। इनमें 22 नई कृतियां विशेष रूप से इस प्रदर्शनी के लिए तैयार की गई हैं। साथ ही, पेरिस, जयपुर और नई दिल्ली में पूर्व में प्रदर्शित चुनिंदा कृतियों को भी इसमें सम्मिलित किया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929